




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
श्रीकंचनपथ ONLINE
visit us http://www.shreekanchanpath.com








वर्ष- 13, अंक - 249 | भिलाई, रविवार 26 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर

### तेज रफ्तार बनी बेजुबानों के लिए काल, गायों को रौंदते हुए निकला ट्रक, 8 की मौत कई जख्मी

**जीपीएम।** छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर कत्ल-ए-आम मचा दिया। ट्रक ने यहां सड़क पर गायों की झुंड को रौंद डाला। इस हादसे में कई गायों की मौत हो गई और कई जख्मी हुए हैं। हादसे के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, हादसा शनिवार की रात में हुआ है। गौरेला-पेंड्रा मरवाही में रात के वक्त एक तेज रफ्तार से आ रही ट्रक बेजुबानों के लिए काल बन गई। कोटमी पुलिस चौकी अंतर्गत पथर्रा गांव में तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने सड़क पर बैठे गायों के झुंड को कुचल दिया। इस भयानक हादसे में 8 गायों की मौके पर ही मौत गई। कई गायें सड़क पर जख्मी हालत में पड़ी हुई थीं। सुबह जब लोगों को इस हादसे के बारे में पता चला तब गांव में कोहराम मच गया। तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। घायल गायों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इस घटना के बाद पशुपालक अपने मृत गायों को लेने के लिए भी वहां जुटे थे। पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर लिया है। 8 गोवंशों की मौत के बाद से इलाके में तनाव फैला हुआ है। पुलिस का कहना है कि लापरवाही से ट्रक चलाने वाले ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव कोरोना संक्रमित, तीसरी बार संक्रमण की चपेट में आए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। यह तीसरी बार है जब वह कोविड-19 वायरस की चपेट में आए हैं। वह शुक्रवार की रात दिल्ली से लौटे थे। सिंह देव ने ट्वीट किया कि दिल्ली से लौटने के बाद मैंने यहां कोविड-19 की जांच कराई, जिसमें मैं कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया। अभी मैं ठीक हूं और डॉक्टर की सलाह के मुताबिक घर पर पृथक वास के नियमों का पालन कर रहा हूं। इससे पहले सिंह देव इस साल जनवरी और पिछले साल मार्च में संक्रमित हुए थे। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार तक कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 11,53,552 हो गए, जिसमें से 14,036 मरीजों की मौत हो चुकी है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 643 है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज की दीवार गिराने के मामले में विधायक समेत 56 के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के कंधई थाना इलाके के शिवसत में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज की दीवार गिराने के मामले में क्षेत्रीय विधायक समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्रोजेक्ट मैनेजर ने मुकदमा दर्ज कराया है। शिवसत में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज का रानीगंज से सपा विधायक आरके वर्मा ने गुरुवार को निरीक्षण किया था। उन्होंने निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया था। उनके द्वारा धक्का देने से दीवार और पिलर गिर गई थी। इस शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने तीन सदस्य कमेटी जांच के लिए गठित की थी। इस मामले में प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद इरशाद ने रानीगंज विधायक आरके वर्मा समेत छह नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।


## सियासी संकटः भाजपा पैदा कर रही अस्थिरता

# 2024 में भुगतना होगा अंजाम-सीएम भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महाराष्ट्र में मचे घमासान के बीच कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने महाराष्ट्र के सियासी संकट के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए भगवा पार्टी को चेतावनी दी है। उन्होंने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में सरकार को अस्थिर करने का परिणाम भाजपा को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि जनता लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने के लिए इस तरह के कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगी। राजधानी रायपुर के पुलिस लाइंस में सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा को 2024 के आम चुनावों में हार का डर है, यही वजह है कि वह महाराष्ट्र में सरकार में अस्थिरता पैदा कर रही है।

भूपेश बघेल ने आगे कहा कि महाराष्ट्र की जनता देख रही है। पहले शिवसेना के बागी विधायक गुजरात गए और फिर असम गए। इसकी क्या जरूरत थी? उन्हें महाराष्ट्र में रहना चाहिए था और पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों का सामना करना चाहिए था। उन्हें लोगों की



इच्छा के अनुसार निर्णय लेना चाहिए था। सीएम बघेल ने कहा कि जनता भाजपा पक्ष में नहीं है। महाराष्ट्र के लोग एमवीए के पक्ष में हैं।

### भाजपा पर लगाए आरोप

छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा विपक्षी दलों को बर्दाश्त नहीं कर सकती। भाजपा असहमति का भी सम्मान नहीं करती है। भाजपा का जो विरोध करता है ये उसको कुचलती है और समाप्त करना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास यहां बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

### गठबंधन से भाजपा को लग रहा डर

भाजपा पर आरोप लगाते हुए भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के एमवीए गठबंधन से डरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि 2024 के आम चुनाव में हार के डर से भाजपा सरकार गिराने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में सियासी खींचातान जारी है। एक तरफगुवाहाटी में बैठे एकनाथ शिंदे सरकार के खिलाफबयानबाजी कर रहे हैं तो सीएम उद्धव ठाकरे ने भी बगावत करने वाले विधायकों के खिलाफसख्त एक्शन की चेतावनी जारी कर दी है। शिवसेना के अधिकांश विधायकों ने महाराष्ट्र के मंत्री एकनाथ शिंदे का पक्ष लिया है और वे गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं।

## प्रधानमंत्री ने किया आपातकाल को याद

# 'मन की बात' में बोले मोदी- लोकतंत्र को हुआ था कुचलने का प्रयास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने आपातकाल पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा, आपातकाल के दौरान भारत के लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया गया था। देश की अदालतें, हर संवैधानिक संस्था, प्रेस, सब पर नियंत्रण लगा दिया गया था। सेंसरशिप की ये हालत थी कि बिना स्वीकृति कुछ भी छापा तक नहीं जा सकता था। इसके बावजूद भारत के लोगों ने लोकतांत्रिक तरीके से ही आपातकाल को हटाकर वापस लोकतंत्र की स्थापना की। तानाशाही की मानसिकता को, तानाशाही की वृति-प्रवृत्ति को लोकतांत्रिक तरीके से पराजित करने का ऐसा उदाहरण पूरी दुनिया में मिलना मुश्किल है।

प्रधानमंत्री ने कहा, इमरजेंसी के दौरान लोगों के संघर्षों का गवाह रहने का सौभाग्य मुझे भी मिला। आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तो हमें आपातकाल के भयानक दौर को भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा, लोगों के जीवन का अधिकार छीना गया था। इसके बावजूद लोगों ने लोकतंत्र में विश्वास को नहीं खोया।



### जल स्त्रोतों पर करें कोई न कोई आयोजन

पीएम मोदी ने कहा, हमारे देश में मानसून का लगातार विस्तार हो रहा है। अनेक राज्यों में बारिश बढ़ रही है। यह समय जल संरक्षण का भी है। समाज सदियों से यह जिम्मेदारी उठाता रहा है। जल संरक्षण जीवन संरक्षण है। आजकल कई नदी महोत्सव होने लगे हैं। आपके यहां जो भी जल स्त्रोत हैं, वहां कुछ न कुछ आयोजन जरूर करें।

### मिताली राज को किया याद

पीएम मोदी ने कहा, भारत की सर्वाधिक प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में मिताली राज भी हैं। उन्होंने इसी महीने क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। उन्होंने कई खेल प्रेमियों को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा, वह महज एक असाधारण खिलाड़ी नहीं हैं। वह अनेक खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी रही हैं।

### देश का युवा छू रहा आकाश

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज हमारा भारत जब इतने सारे क्षेत्रों में सफलता का आकाश छू रहा है, तो आकाश या अन्तरिक्ष, इससे अछूता कैसे रह सकता है। बीते कुछ समय में हमारे देश में स्पेस सेक्टर से जुड़े कई बड़े काम हुए हैं। देश की इन्हीं उपलब्धियों में से एक है In-Space नाम की एजेंसी का निर्माण। उन्होंने कहा, आज से कुछ साल पहले हमारे देश में स्पेस सेक्टर में स्टार्ट अप के बारे में कोई सोचता तक नहीं था। आज इनकी संख्या 100 से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा, देश का युवा आकाश छूने को तैयार है तो हमारा देश कैसे पीछे रह सकता है।

## बागी विधायकों को राउत की चेतावनी, कहा-

# लाखों शिवसैनिक कर रहे एक इशारे का इंतजार

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में सियासी संकट बढ़ता ही जा रहा है। शिवसेना के अंदर चल रही उठापटक के बीच भाजपा भी सक्रिय हो गई है। उधर, शिंदे गुट ने नई पार्टी शिवसेना बालासाहेब का एलान कर दिया है। इस बीच शिवसेना नेता व राज्यसभा सांसद संजय राउत लगातार बागी नेता एकनाथ शिंदे व गुवाहाटी पहुंचे विधायकों पर हमला कर रहे हैं। वह कई बार विधायकों को कथित रूप से चेतावनी भी दे चुके हैं।

इस बीच संजय राउत अपने एक ट्वीट को लेकर फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में गुवाहाटी पहुंचे विधायकों पर हमला बोलते हुए ट्वीट किया, 'कब तक छिपोगे गुवाहाटी में, आना ही पड़ेगा चौपाटी में...।' दरअसल, विधायकों की बगावत के बाद संजय राउत लगातार विधायकों को मुंबई आने के लिए कह रहे हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने एक बार फिर से बागी विधायकों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, लोग उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना पर भरोसा रखेंगे। कल उन्होंने कहा कि जो लोग बाहर गए हैं वो शिवसेना नाम का इस्तेमाल ना करें और अपने बाप के नाम का इस्तेमाल करें और वोट मांगें। राउत ने आगे कहा, उन्हें जो करना है करने दो, मुंबई तो आना पड़ेगा ना। वहां बैठकर हमें क्या सलाह दे रहे हैं? लाखों शिवसैनिक हमारे एक इशारे का इंतजार कर रहे हैं' लेकिन हमने अभी भी संयम रखा है।



### शिवसेना को कोई हाइजैक नहीं कर सकता

इससे पहले शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा था कि शिवसेना को कोई हाईजैक नहीं कर सकता है। शिवसेना बहुत बड़ी पार्टी है। इसे आसानी से हाईजैक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, शिवसेना को पैसे से तोड़ा नहीं जा सकता है। इसे बनाने के लिए लोगों ने कुर्बानी दी है। अपना खून बहाया है।

### मंगलवार से शुरू हुआ था बागियों का सिलसिला

दरअसल, महाराष्ट्र में विधानपरिषद चुनाव के बाद मंगलवार से शिवसेना में बगावत के सुर फूटने शुरू हो गए थे। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में कई विधायक सूरत पहुंचे थे फिर वे असम के गुवाहाटी पहुंचे। इसके बाद से लगातार एक-एक करके शिवसेना के विधायक गुवाहाटी पहुंच रहे हैं। शिंदे गुट का दावा है कि उनके समर्थन में 38 विधायक हैं।

### सीएम के हेलीकॉप्टर से टकराया पक्षी, पुलिस लाईन में इमरजेंसी लैंडिंग

**वाराणसी (एजेंसी)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हेलीकॉप्टर की अचानक वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। वाराणसी दौरे पर पहुंचे सीएम योगी ने रविवार सुबह 9.05 बजे सर्किट हाउस से पुलिस लाइन पहुंचे और हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए उड़ान भरी लेकिन पक्षी से टकराने के बाद पुलिस लाइन में ही हेलीकॉप्टर की लैंडिंग करा दी गई।

# 2 बच्चों के साथ उफलते नाले में बह गई महिला, एक बच्चे का मिला शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** जशपुर जिले में एक महिला अपने 2 बच्चों के साथ एक नाले में बह गई। बारिश की वजह से नाले का जल स्तर बढ़ा हुआ था। इसका वह अंदाजा नहीं लगा पाई। शाम को बाजार से लौटते वक्त यह हादसा हुआ है। महिला एक बच्चे को साड़ी से पीठ पर बांधी थी और दूसरे को हाथ में लेकर साथ चल रही थी। कुछ लोगों ने उन्हें देखा, लेकिन उसे बचा नहीं पाए। एक बच्चे का शव एक किमी दूर मिला है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। रेस्क्यू टीम भी बुलाया गया, लेकिन अंधेरा होने की वजह से महिला व एक



बच्चे का पता नहीं चला है। घटना पंडरापाठ चौकी क्षेत्र के भड़िया गांव का है।

मिली जानकारी के मुताबिक सराईपानी निवासी सुमित्रा बाई (30 वर्ष) नाले में बह गई। वह पहाड़ी कोरवा जनजाति की महिला है। सुमित्रा शनिवार को अपने 8 साल के बेटे मंगल साय और एक 10 महीने के बच्चे को पीठ पर बांधकर ग्राम भड़िया के साप्ताहिक बाजार गईं थी। शाम करीब 5 से 6 बजे महिला बाजार से अपने गांव वापस लौट रही थी। रास्ते में एक पहाड़ी नाला को पार करना पड़ता है। इलाके में शनिवार को अच्छी बारिश हुई है। पहाड़ी इलाका होने की वजह से नाले का बहाव तेज हो गया था। महिला नाले को पार करने के दौरान तेज बहाव में दोनों बच्चों के साथ बह गई।

घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर ग्राम भड़िया के नदी पास बालक मंगल साय का शव मिला है। आस-पास के गांव के लोगों को बुलाया गया और फिर पुलिस को सूचना दी गई।

# बदमाशों ने एक्सिस बैंक को ठगा, 16 करोड़ का फर्जीवाड़ा, 7 आरोपी गिरफ्तार, 85 लाख बरामद

**रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर पुलिस ने 16 करोड़ रुपये से ज्यादा के बैंक फर्जीवाड़ा को अंजाम देने वाले 7 आरोपियों को दबोचा है। बदमाशों ने चालाकी से कॉम्पलेक्स तरीके का फ्राड किया। बैंक से फर्जी तरीके से चेक बुक इशु कराए और फिर छत्तीसगढ़ राज्य कृषि मंडी बोर्ड के बैंक खाते से दूसरे खातों में रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बैंक से देश के अलग-अलग शहरों के खातों में रुपये आरटीजीएस भी करवाए गए। कुछ दिनों बाद बैंक को पता चला कि जो ट्रांजेक्शन हुए हैं वह गलत तरीके से हुए हैं। बदमाशों द्वारा बैंक को बड़ा चूना लगाए जाने की जानकरी से हड़कंप मच गया। थाने में रिपोर्ट लिखाई गई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर रायपुर और हैदराबाद से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से लगभग 85 लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं।

रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि एक्सिस बैंक के कलस्टर हेड बी आनंद ने मुजगहन थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि मंडी बोर्ड के बैंक खाता से सतीश वर्मा, चंद्रभान सिंह ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी तरीके से चेक बुक जारी करवाया। चेक बुक मिलते ही उसके जरिये फर्जी तरीके से दूसरे बैंकों में रकम ट्रांसफर कराया। आरोपियों द्वारा बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने के इरादे से करीबन 16 करोड़ 40 लाख 12 हजार 655 रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।



### रायपुर से 5 व हैदराबाद से 2 आरोपी पकड़ाए

एसएसपी ने बताया कि हैदराबाद में 2 आरोपी और रायपुर में 5 आरोपियों को एक साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में रायपुर निवासी आरोपी सौरभ मिश्रा ने बताया कि उसने अपने परीचित आबिद खान के माध्यम से उसके परीचित कोटक महेन्द्रा बैंक के गुलाम मुस्तफा के माध्यम से मंडी बोर्ड के कुल 60 करोड़ रुपये को एक्सिस बैंक डूण्डा शाखा में जमा करवाया। 9 आरटीजीएस और 2 ट्रांसफर के जरिए 16 करोड़ 40 लाख 12 हजार 655 रुपये का फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से ट्रांसफर करवाया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 84 लाख 95 हजार रुपये जब्त किया गया है।

### गबन राशि जब्त करने कई राज्यों में भेजी टीम

प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह के शामिल होने की जानकारी के बाद दिल्ली, मुंबई, गुजरात, बैंगलोर सहित कई राज्यों में आरोपियों की गिरफ्तारी तथा गबन राशि की बरामदगी के लिए टीम रवाना की है। पुलिस ने मामले में संदीप रंजन दास निवासी ब्लॉक नंबर-8 अवंति उद्यान मार्ग मैत्रीकुंज रिसाली (दुर्ग), समीर कुमार जांगडे निवासी ग्राम दोंदेकला (रायपुर), सौरभ मिश्रा निवासी तात्यापारा (रायपुर), मोहम्मद आबिद खान निवासी पुजारी स्कूल के पीछे रायपुर, गुलाम मुस्तफा निवासी हांडी पारा रायपुर, सत्यनारायण वर्मा उर्फसतीश वर्मा निवासी फ्लैट नंबर जी-2 एसआर एवेन्यू निजाम पेट रोड हैदराबाद, सांई प्रवीण रेड्डी निवासी उपर वल्ली फ्लैट नंबर-503 परमारेड्डी डायमंड तेलंगाना को गिरफ्तार किया है।

### दो अलग-अलग टीमों ने एकसाथ मारा छापा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के सदस्यों ने एक्सिस बैंक के कलस्टर हेड बी आनंद से पूछताछ कर पूरी जानकारी एकत्रित की। बैंक के अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि मंडी बोर्ड के बैंक खाता क्रमांक 900010025774139 के ट्रांजेक्शन डिटेल निकाले गए। साइबल सेल व खाता नंबर की जांच के बाद एक टीम को हैदराबाद रवाना किया गया। थाना स्तर पर रायपुर में भी 2 अलग-अलग टीमें बनाकर रायपुर व हैदराबाद में एक साथ रेड की कार्रवाई की गई।

# अंतर्जातीय विवाह पर बवाल



दीपक रंजन दास

गुस्ताखी माफ

जात-पात और छुआछूत के खिलाफ भारत सदियों से संघर्ष कर रहा है। पर यह समस्या ऐसी है कि इसके बंधन खुलने के बजाय नागपाश की तरह सख्त होते जा रहे हैं। लोकतंत्र की स्थापना के बाद से ही देश समाजों में बंटता चला गया। वोट बैंक की राजनीति ने इस आग में घी का काम किया। हर साल सैकड़ों की संख्या में नए समाजों का पंजीयन होता है। ये समाज पहले भवन के लिए जमीन मांगते हैं और फिर जातीय आधार पर राजनीति में अपनी हिस्सेदारी। शिक्षा, आधुनिकीकरण, वैश्वीकरण जैसे शब्द जाति प्रथा के आगे बौने साबित होते हैं। जो साहसी होते हैं, वे समाज के कथित ठेकेदारों को नजरअंदाज करते हैं, बहिष्कार भी सह लेते हैं पर जब बात उनके मानवाधिकारी की आती है तो वे डटकर समाज का सामना भी करते हैं। इस संघर्ष में अब तक हजारों लोगों की जानें जा चुकी हैं। एक ऐसे ही मामले में अब एक प्राचार्य ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामला प्राचार्य के पुत्र के विवाह से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि यह विवाह अंतर्जातीय है। पढ़े लिखे लोगों को पता होगा कि सभी मनुष्य एक ही जाति में आते हैं, इनकी प्रजातियां भिन्न भिन्न होती हैं। सनातन धर्म भी मानव योनि की ही बात करता है। पाप-पुण्य के आधार पर लोग मानव योनि से अन्य योनियों में जाते हैं। कोई सुअर बनता है तो कोई चींटी, कोई कुत्ता बनता है तो कोई बिल्ली। कर्म के अनुसार लोग वर्गों में बंटे। ब्राह्मण कुल में जन्मे परशुराम क्षत्रियों के आराध्य हुए। ब्राह्मण कुल में ही जन्मा रावण राक्षस हुआ और विभीषण सदाचारी राजा। इसे कब गुपचुप जाति व्यवस्था से जोड़ दिया गया, इसका कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता। त्रेता में प्रभु श्रीराम शबरी के झूठे बेर खाते हैं, केवट को मित्र बनाते हैं, वानर और रीछों से संधियां करते हैं। कहां थी तब जाति व्यवस्था? समाज के इन कथित ठेकेदारों ने न केवल बार-बार सनातन को कलंकित किया है बल्कि भारत को कई टुकड़ों में बांटा भी है। दो सुयोग्य बालिग अपने विवाह का फैसला भी नहीं कर सकते? कर सकते हैं और करते भी हैं। जहां तक उनका व्यक्तिगत प्रश्न है तो उन्हें समाज की परवाह भी नहीं होती। पर यही बात उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य के बारे में नहीं कही जा सकती। ताजा मामला इसी बात से जुड़ा है। प्राचार्य ने कहा है कि उन्हें समाज में रखें या निकालें, उन्हें घंटा फर्क नहीं पड़ता। पर उनके परिजनों पर अर्थदण्ड लगाना अनुचित है। उनका इस विवाह से कोई लेना देना नहीं है।

## संपादकीय

# राष्ट्रपति चुनाव

राष्ट्रपति चुनाव का मुकाबला अब लगभग स्पष्ट हो गया है, पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू बनाम पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा। यदि कोई चमत्कार न हो जाए, तो अभी यह मानने या कहने में कोई हर्ज नहीं कि मुकाबले में पहली आदिवासी महिला वाला दांव ज्यादा मजबूत दिख रहा है। इसमें कोई शक नहीं कि इस देश में आदिवासी अपेक्षाकृत वंचित समुदाय हैं और बहुत मुश्किल से इस समुदाय के सदस्य किसी ऊंचे मुकाम पर पहुंच पाते हैं। स्वयं द्रौपदी मुर्मू की संघर्ष यात्रा लंबी रही है, इस यात्रा में सार्वजनिक रूप से उन्होंने बहुत कुछ पाया है, लेकिन व्यक्तिगत रूप से उन्होंने बहुत खोया भी है। अगर वह राष्ट्रपति भवन पहुंच जाएंगी, तो उनके साथ न पति होंगे और न पुत्र। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी दरअसल द्रौपदी मुर्मू के संघर्ष का भी सम्मान है। बहुत सोच-समझकर भाजपा ने उनका चयन किया है और ज्यादातर पैमानों पर इस चयन की निंदा नहीं हो सकती। निंदा करते ही हमें जंगलों के इतिहास में जाना पड़ेगा, जो बहुत उज्जवल नहीं है। आज देश के लगभग 11 करोड़ आदिवासियों के बीच जो संदेश गया है, उसकी कोई तुलना नहीं है। आदिवासियों का मनोबल बढ़ेगा और वे मुख्यधारा की ओर तेजी से अग्रसर होंगे।

> “ वंचित आबादी, युवाओं, महिलाओं को सर्वाधिक अपेक्षा है। शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में सबको प्रेरित करना है। समग्र समाज की एकजुटता और सद्भाव बढ़ाने में सरकारों का पूरा साथ देना है। सुलझे हुए विचार व मार्गदर्शन से देश के विकास को तेज करना है। बहरहाल, यह भी उम्मीद करनी चाहिए कि राष्ट्रपति चुनाव गरिमामय ढंग से संपन्न होगा। अप्रिय या अनावश्यक राजनीति नहीं होगी।

अभी विपक्ष यदि कुछ स्तब्ध है, तो आश्चर्य नहीं। उसने अपनी ओर से एक योग्य उम्मीदवार को उतारा है। यशवंत सिन्हा के लिए यह उम्मीदवारी एक तरह से वर्षों बाद मुख्यधारा में वापसी है। अटल युग के बाद से ही यशवंत सिन्हा अपनी नई भूमिका तलाशते रहे हैं। उनकी प्रशासनिक, सांविधानिक योग्यता पर कोई सवाल नहीं, लेकिन अब उनकी राजनीतिक योग्यता विपक्ष की एकता पर निर्भर करेगी। हर लड़ाई के अपने समीकरण होते हैं, योद्धा बदलते हैं, तो समीकरण भी बदल जाते हैं, शायद यही हुआ है। आदिवासी महिला उम्मीदवार के मैदान में आने से दो-तीन प्रतिशत वोटों का जो अंतर था, वह सत्ता पक्ष के अनुकूल भर गया लगता है। बहरहाल, राष्ट्रपति पद के लिए 18 जुलाई को मतदान होगा, मतलब यशवंत सिन्हा के पास कुछ समय है। हार मानने के बजाय उन्हें अपने पूरे प्रयास करने चाहिए। वैसे भी, भाजपा से निकले उन्हें चार वर्ष ही हुए हैं। वह अपनी व्यवहार कुशलता को फिर आजमा सकते हैं।

आज कुछ दूसरे सवाल भी हैं, जो ज्यादा तवज्जो मांग रहे हैं। देश में 25 जुलाई से नए राष्ट्रपति के कार्यकाल की शुरुआत होगी। हम जिस दौर में हैं, वहां देश को एक संयमित, सजग और सक्रिय राष्ट्रपति की जरूरत है। देश अनेक स्तर पर बदलावों से गुजर रहा है। आम समाज और आम चिंतन में परिवर्तन आ रहा है। देश ने जब नई सदी में कदम रखा था, तब राष्ट्रपति के रूप में एक योग्यतम नेतृत्वकर्ता के आर नारायणन विराजमान थे, जो पहले दलित राष्ट्रपति थे और उनके तत्काल बाद एपीजे अब्दुल कलाम ने तेज आर्थिक विकास के दौर में देश और युवाओं को बहुत प्रेरित किया। लोग इन्हें आज भी याद करते हैं। अत: देश के 15वें राष्ट्रपति से अतिरिक्त आशा रहेगी। वंचित आबादी, युवाओं, महिलाओं को सर्वाधिक अपेक्षा है। शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में सबको प्रेरित करना है। समग्र समाज की एकजुटता और सद्भाव बढ़ाने में सरकारों का पूरा साथ देना है। सुलझे हुए विचार व मार्गदर्शन से देश के विकास को तेज करना है। बहरहाल, यह भी उम्मीद करनी चाहिए कि राष्ट्रपति चुनाव गरिमामय ढंग से संपन्न होगा। अप्रिय या अनावश्यक राजनीति नहीं होगी।

## बेरोजगारी पर गौर कीजिए

पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक देश में 2019-20 के मुकाबले महामारी के पहले साल यानी 2020-21 में बेरोजगारी में गिरावट आई। 2019-20 में बेरोजगारी दर 4.8 थी। 2020-21 में यह गिर कर 4.2 पर आ गई थी। क्या सहज ही आपको इस बात पर यकीन होगा?

रोजी-रोटी के बुनियादी मामलों पर सरकारी आंकड़े किस तरह गलत तस्वीर पेश करते हैं, उसकी एक मिसाल देखिए। पिछले दिनों आए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के आंकड़ों के मुताबिक देश में 2019-20 के मुकाबले महामारी के पहले साल यानी 2020-21 में बेरोजगारी में गिरावट आई। 2019-20 में बेरोजगारी दर 4.8 थी। 2020-21 में यह गिर कर 4.2 पर आ गई थी। क्या सहज ही आपको इस बात पर यकीन होगा? जिन लोगों को रोज जमीनी हालात से रू-ब-रू होना पड़ता है, वे इस बात को सुन कर दांतों तले अंगुलियां ही चबा सकते हैं। मगर अब इन आंकड़ों की सच्चाई जानिए। इनका असल मतलब है इस अवधि में जितने लोग रोजगार ढूंढ रहे थे, उनमें से सिर्फ 4.2 प्रतिशत को रोजगार नहीं मिला।

गौरतलब है कि लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफपीआर) सर्वे से सामने आया था कि ये दर 39.3 प्रतिशत है। इसका अर्थ यह है कि रोजगार योग्य उम्र (15 से 59 साल) के बीच 40 फीसदी से भी कम लोग रोजगार की तलाश में हैं। स्पष्टत: इनमें ज्यादा संख्या उन लोगो की है, जिन्होंने सम्मानजनक रोजगार पाने की उम्मीद छोड़ दी है और इस कारण खुद को रोजगार बाजार से अलग कर लिया है। सरकारी आंकड़े अभी तक सामने आए अन्य सभी आंकड़ों के बिलकुल विपरीत है। अभी तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जितनी भी समीक्षा हुई है, उसमें यही सामने आया है कि महामारी के पहले साल में लाखों लोगों का रोजगार छिन गया।

**मोहन कुमार**

> “ यह शिवसेना किसकी होगी, यह तय होना बाकी है। अभी राजनीतिक हालात उद्धव ठाकरे के खिलाफऔर भाजपा के साथ हैं और भाजपा एकनाथ शिंदे के साथ है। अब पटकथा नई तरह से लिखी जाएगी। वैसे भी मुंबई बॉलीवुड का शहर है। फिल्म बनने के पहलेे्क्रिरप्ट लिखी जाती थी, अब ओटीटी का शहर है, वेब सीरीज की हर कड़ी में नईे्क्रिरप्ट होती है और नए मोड़ भी।

विजय त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार

# मुंबई में अचानक नहीं आया उफान

मुंबई के मरीन ड्राइव से सहयाद्रि (मंत्रालय) तक आते-आते अक्सर समुद्री उफान का सामना करना पड़ता है। हालांकि, सामान्य तौर पर यह उफान स्वत: ठंडा पड़ जाता है और मुंबई फिर से सामान्य चलने लगती है। लेकिन जब पूर्णिमा हो, कोई आकर्षण हो समुद्र के लिए, तो उफान या ज्वार जल्दी ठंडा नहीं पड़ता, कभी-कभी तबाही भी दे जाता है। महाराष्ट्र की राजनीति में यह जो आया उफान है, उसे एक नया चंद्रमा मिल गया है और इसी वजह से शिवसेना में जो बागी हैं, नए टकराव की ओर बढ़ चले हैं।

भले ही यह कहा जाए कि राजनीति संभावनाओं का खेल है, लेकिन यह राजनीतिक समुद्र का तूफान शिवसेना के घर को नुकसान पहुंचाने वाला जरूर लगता है। मान लीजिए, महाराष्ट्र सरकार के प्लॉट पर उद्धव ठाकरे ने तीन कमरों का एक मकान बनाया था, जिसमें उन्होंने बैठकखाना अपने पास रखा और एक कमरा कांग्रेस, तो एक एनसीपी को दे दिया था। इन दोनों कमरों के एक-एक दरवाजे बैठकखाने की ओर भी खुलते थे। अक्सर होता है, जब तूफान आए, तो सारे घरवाले मिलकर घर को बचाने की कोशिश करते हैं। मगर इस बार लगता है, कांग्रेस और एनसीपी ने शिवसेना की ओर खुलने वाले दरवाजे को बंद कर दिया है, ताकि नुकसान से बचा जा सके।

इस उफान ने शिवसेना के बैठकखाने या ड्रॉइंग रूम के फर्नीचर को पहले ही उलट-पलट दिया है। उनके कुल विधायकों में से आधे से ज्यादा को लेकर एकनाथ शिंदे गुवाहाटी पहुंच गए हैं। पहले बागी विधायकों को भाजपा के एक राज्य गुजरात के सूरत लाया गया और उसके बाद भाजपा के एक अन्य राज्य असम भेज दिया गया। माना जाता है, ऐसे मामलों के प्रबंधन में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिश्व सरमा माहिर हैं। एकनाथ शिंदे चाहे जो दावा कर रहे हों, लेकिन उन्हें विधिवत दलबदल के लिए 37 विधायक चाहिए। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री विधानसभा भंग करने की भी सिफारिश करेंगे, इसकी चर्चा हो रही थी, लेकिन कैबिनेट में यह फैसला नहीं हुआ। राज्यपाल कह सकते हैं कि विधानसभा भंग नहीं होगी, मुख्यमंत्री बहुमत साबित करें। वैसे चुनाव निकट हों और मुख्यमंत्री सिफारिश करें, तो राज्यपाल मान भी सकते हैं, लेकिन अभी चुनाव दूर हैं। शिवसेना के पास तर्क हो सकता है कि अगर विधानसभा भंग न हुई, तो विधायकों की खरीद-फरोख्त होगी। फिर जो भी सरकार बनी, बहुमत परीक्षण से तो उसे गुजरना ही पड़ेगा।



बहरहाल, यह साफहो गया है कि दिल्ली में जो भाजपा नेता बैठे थे, वे जाग रहे थे, जबकि मुंबई में बैठे शिवसेना नेताओं की आंख लग गई थी। आंख नहीं लगी होती, तो राज्यसभा चुनाव या विधान परिषद के चुनाव में क्रॉस वोटिंग के समय ही सजग हो जाना चाहिए था। मान लेना चाहिए था कि सेंध लग गई है, यह जो फूट पड़ी है, यह कतई अचानक नहीं है। एक बात समझनी चाहिए कि एकनाथ शिंदे ने जिस सियासी हथियार को इस्तेमाल किया, वह हिंदुत्व है, जो कभी शिवसेना की एक मूल विचारधारा थी। 56 साल पहले जब शिवसेना बनी थी, तब भी यह विचारधारा थी, जब तक बाल ठाकरे रहे, तब तक यह विचारधारा कड़ाई से चली। 2019 से पहले तक शिवसेना अपने को हिंदुत्व की पार्टी कहती रही। जब शिवसेना ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई, तो शिवसैनिकों में भी असंतोष था। विधायकों को भी यह लग रहा था कि सेकुलरिज्म का विचार पार्टी की मूल विचारधारा से मेल नहीं खाता है और यह सरकार ज्यादा नहीं चल पाएगी।

एकनाथ शिंदे की नाराजगी यह थी कि पहले जब सरकार बनाने की बात चली थी, तब कहा गया था कि वही मुख्यमंत्री होंगे, पर एनसीपी ने कह दिया कि उद्धव मुख्यमंत्री बनेंगे, तभी समर्थन मिलेगा। तब उद्धव मुख्यमंत्री बने। इसके बाद भी शिंदे को उम्मीद थी कि उन्हें सरकार में नंबर दो बनाया जाएगा, मगर उद्धव ने अपने बेटे आदित्य ठाकरे को यह स्थान दे दिया।

हिन्दुस्तान की ताजा राजनीति गवाह है कि परिवार की वजह से पार्टियां टूटती और कमजोर होती हैं। खैर, अब उद्धव ठाकरे की स्थिति दुविधा में दोऊ गए, माया मिली न राम वाली बन गई है। हनुमान चालीसा विवाद ने भी यह प्रभाव छोड़ा कि उद्धव हिंदुत्व के खिलाफ हैं। इसके अलावा, उनके खिलाफ यह भी शिकायत है कि वह नेताओं से मिलते नहीं हैं, यही शिकायत राहुल गांधी के साथ भी है। कांग्रेस भी टूट रही है और शिवसेना भी तीसरी टूट के कगार पर पहुंच गई है। शिवसेना से अलग होकर छगन भुजबल और नारायण राणे खास नहीं कर पाए, लेकिन एकनाथ शिंदे ने शिवसेना को विधानसभा के स्तर पर तो तोड़ ही दिया है।

शिवसेना ने पहली गलती तभी की थी, जब मुख्यमंत्री पद पर दावा किया था। भाजपा के 106 और शिवसेना के 56 विधायक थे, लेकिन मुख्यमंत्री पद के लिए दावा कर दिया गया। यहां प्रमोद महाजन की बात याद आती है, जब अटल बिहारी वाजपेयी के विश्वास मत पर 1996 में लोकसभा में बहस हो रही थी। तब काफी लोग हंगामा कर रहे थे। तब प्रमोद महाजन ने कहा, लोकतंत्र वोटों के गणित पर चलता है, यह बेस्ट (मुंबई की बस सेवा) की बस सीट नहीं है कि खिड़की से रूमाल रख देंगे, तो आपकी हो जाएगी। वाकई महाराष्ट्र में शिवसेना के पास संख्या नहीं थी, लेकिन उसे लगा कि भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर रहेगी और महाराष्ट्र उसके लिए छोड़ देगी। यह भूल थी, जो उद्धव ठाकरे ने की। वह भूल गए कि यह भाजपा अटल-आडवाणी वाली नहीं, मोदी-शाह वाली है। अब अटल जी नहीं हैं, जो बोलते थे कि मैं उस सरकार को चिमटे से भी नहीं छूऊंगा, जो भ्रष्टाचार से बने। अब तो निगाह में केवल मंजिल है और हर हाल में सरकार बननी चाहिए।

अब जो संभावना बन रही है, उसमें भाजपा और शिवसेना की सरकार बनेगी। यह शिवसेना किसकी होगी, यह तय होना बाकी है। अभी राजनीतिक हालात उद्धव ठाकरे के खिलाफऔर भाजपा के साथ हैं और भाजपा एकनाथ शिंदे के साथ है। अब पटकथा नई तरह से लिखी जाएगी। वैसे भी मुंबई बॉलीवुड का शहर है। फिल्म बनने के पहलेे्क्रिरप्ट लिखी जाती थी, अब ओटीटी का शहर है, वेब सीरीज की हर कड़ी में नईे्क्रिरप्ट होती है और नए मोड़ भी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

ओमकार साठे, सहसंस्थापक, सीपीसी एनालिटिक्स

# फर्जी जाति प्रमाणपत्रों से हमें कैसे मिलेगा छुटकारा

नकली जाति प्रमाणपत्र भारत के लिए रोग है। सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों, जैसे अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित नौकरियों व शिक्षा संबंधी सीटों का लाभ उठाने के लिए जाली जाति प्रमाणपत्र रखने वाले लोगों की आश्चर्यजनक संख्या सामने आती रही है। महाराष्ट्र में पाया गया कि 11,700 सरकारी कर्मचारियों ने नौकरी पाने के लिए फर्जी जाति प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किया। अनुमान है, पिछले चार दशक में दस लाख से अधिक लोग फर्जी जाति प्रमाणपत्र हासिल कर चुके हैं। इसी तरह के खुलासे हाल ही में बेंगलुरु में भी हुए, जहां 591 ऐसे लोगों को फर्जी कागज पर सरकारी नौकरी मिली पाई गई, जिनमें से कुछ तो सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं।

चुनाव जीतने के लिए फर्जी जाति प्रमाणपत्र का इस्तेमाल करने के लिए अनेक राज्यों में कई विधायक और सांसद भी जांच के दायरे में आए हैं। मिसाल के लिए, विधायक पार्थ दास को 2018 में चुनाव लड़ने के लिए जाली एससी प्रमाणपत्र के इस्तेमाल का दोषी पाया गया था। यह मान लेना चाहिए कि जालसाजी के मामले बहुत हैं और कई मामलों पर किसी का ध्यान भी नहीं जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी जालसाजों पर कड़ा रुख अख्तियार किया है।



उसने फैसला सुनाया है कि अगर किसी को किसी शैक्षणिक संस्थान या नौकरी में प्रवेश पाने के लिए जाली जाति प्रमाणपत्र के इस्तेमाल का दोषी पाया जाता है, तो वह डिग्री या नौकरी खो देगा (चंद्रभान बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य, 2017)। इसके बावजूद, ऐसे मामलों में दोषसिद्धि व बर्खास्तगी की दर कम है। और तो और, महाराष्ट्र में जाली प्रमाणपत्र वाले 11,700 सरकारी कर्मचारियों के मामले में कई राजनेता और मजदूर संघ कानूनी कार्रवाई के विरोध में उतर आए। नकली जाति प्रमाणपत्र आखिर क्यों इतना मायने रखता है? वास्तव में, यह वास्तविक आरक्षण की राह में बाधा है। देश की आधी नौकरियों, आधी शैक्षणिक सीटों को सामाजिक न्याय लागू करने के लिए लगा दिया जाता है, पर जाली प्रमाणपत्र अपेक्षित प्रभावों को खत्म कर देते हैं। यह जालसाजी कमजोर समुदायों के लिए मौकों को कम कर देती है।


आरक्षण इतनी बड़ी सुविधा है कि इससे फर्जी दस्तावेज बनाने को बल मिलता है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और सिविल सेवा प्रवेश के लिए होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य श्रेणी की तुलना में आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी कटऑफ बहुत कम होता है। जैसे, 2021 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स में सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कटऑफ 87.88 प्रतिशत था, पर एसटी उम्मीदवारों के लिए 34.67 प्रतिशत था। इसी तरह, साल 2021 में सिविल सेवा प्रीलिम्स में सामान्य श्रेणी के लिए कटऑफ 87.54 प्रतिशत व एसटी के लिए 70.71 प्रतिशत था। इसका साफ मतलब है कि सामान्य श्रेणी के कटऑफ तक पहुंचने की कोई उम्मीद नहीं रखने वाले उम्मीदवार को नकली एससी या एसटी प्रमाणपत्र ही मौका दिला सकता है।

यहां आधार का उपयोग कर फर्जी दस्तावेजों पर अंकुश संभव है। प्रक्रिया अभी भी आसान नहीं है, नया पत्र बनाने में बहुत सारे रिकॉर्ड व अनेक जगह सत्यापन की जरूरत पड़ती है, लेकिन तब भी सच यही है कि फर्जी दस्तावेज धड़ल्ले से बनाए जाते हैं। यह बड़ी कमी कुछ सरकारी अधिकारियों के साथ ऐसे आवेदकों की मिलीभगत की ओर इशारा करती है। एक तकनीक आधारित उपाय इस समस्या को हल करने में मदद कर सकता है। इस कदाचार को खत्म करने के लिए पहला कदम यह होगा कि जाति प्रमाणपत्रों का राष्ट्रीय डिजिटलीकरण हो और दस्तावेजों को आधार से जोड़ा जाए। इसके अनेक व्यावहारिक और दीर्घकालिक लाभ होंगे। सबसे पहले, यह डाटाबेस एक डिजिटल ट्रेल तैयार करेगा और इन प्रमाणपत्रों को जारी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी। परिवार के सदस्यों के आधार विवरण का रिकॉर्ड रखने से फर्जी मामलों की शीघ्र पहचान में मदद मिलेगी। इसके अलावा, प्रत्येक आरक्षित सीट या नौकरी के लिए, आधार से जुड़े प्रमाणपत्रों का एक केंद्रीय डाटाबेस आवेदकों की प्रामाणिकता सत्यापित करने में मदद कर सकता है। हर पंचायत और जिला मुख्यालय पर डाटाबेस को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जा सकता है। हमारी आरक्षण नीति के क्रियान्वयन में डिजिटलीकरण का उपयोग सरकारी अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ाने, जाली जाति प्रमाणपत्रों को खत्म करने और हर आरक्षित श्रेणी के आवेदक की प्रामाणिकता सत्यापित करने में बहुत सहायक सिद्ध होगा। यह समय है कि हम सामाजिक न्याय की राह में प्रौद्योगिकी से लाभ उठाएं।

**(साथ में साहिल देव)**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





आज का दिन इतना शुभ, सुंदर नेक है करो पुण्य के काम बन जाएंगे बिगड़े सारे काम।

-अंजली जैन
7024460938

हरिशंकर व्यास

# खत्म राजनीति, अराजक अग्निपथ!


भारत राजनीति की बजाय अब अग्निपथ पर है। तभी बिहार में भाजपा कार्यालयों, नेताओं के घरों पर हमलों की घटनाओं की अनदेखी है। सोचे ऐसी घटनाएं पहले कब हुई? क्या कांग्रेस के दफ्तर कभी ऐसे निशाना बने? भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है। छप्पन इंची छाती वाली पार्टी है। मगर नूपुर शर्मा मामला हो या अग्निपथ आंदोलन या उससे पहले किसान आंदोलन में, क्या भाजपा का वह रोल कही दिखा जिससे उसका राजनैतिक वजूद जाहिर हो। संघ परिवार के पास किसान संगठन से लेकर अल्पसंख्यक संगठन, नौजवान संगठन सब है मगर सब मानों बेजान और बेमतलब। बिहार का मामला इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि वहा भाजपा का सत्ता में साझा है। बावजूद इसके भाजपा पर हो रहे हमलों पर साझेदार पार्टी जदयू के नेताओं में भी न कोई बोला और न किसी की सहानुभूति दिखी! लगा मानों अग्निवीरों के भाजपा पर हमलों से सभी खुश!

पहली बात भला क्यों अग्निवीर नौजवान केंद्र सरकार की योजना पर भाजपा के खिलाफ गुस्सा निकालते हुए? वे भाजपा से गुस्सा है या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर या केंद्र सरकार पर? किससे उनका मोहभंग है। वे किस पर गुस्साएं हुए है?

दूसरी बात भाजपा खुद क्यों नहीं अपने लोगों, अपने कार्यालयों पर हमलों को गंभीरता से लेते हुए है? बिहार में वह भी सरकार है। नीतिश कुमार की सत्ता भाजपा के कारण है। तब कैसे ऐसा कि भाजपा नेताओं को बचाने के लिए न नीतिश कुमार सक्रिय हुए और न भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने वैसे तेंवर दिखाए जैसे पश्चिम बंगाल में भाजपा नेताओं की पिटाई के बाद दिखते है। परसों बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने जरूर यह कहा कि प्रशासन प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। सब कुछ प्रशासन के सामने हो रहा है, लेकिन वह मूकदर्शक है। प्रशासन की मौजूदगी में युवा बीजेपी दफ्तरों को निशाना बना रहे हैं। बीते तीन दिनों में प्रशासन की जो भूमिका रही है वो कहीं से भी स्वीकार्य नहीं है। इस पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पलट कर कहा कि भाजपा अपने शासन वाले राज्यों में प्रदर्शनकारियों को गोली से उड़वा दे। बीजेपी को चाहिए था कि वो युवाओं के मन की आशंका को दूर करे। ललन सिंह ने कहा- नीतीश कुमार जी प्रशासन चलाने में सक्षम हैं। और देश में गुड गवर्नेंस का उनको पुरस्कार मिल चुका है। इसलिए संजय जायसवाल जी से शिक्षा लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने जायसवाल के मानसिक संतुलन बिगड़ने की बात भी कही।

जाहिर है बिहार में जो दिखा है वह इस बात का प्रमाण है कि भाजपा अपने आपको कितना ही महाबली माने, उसके सत्ता साझेदारों में भी उसका अर्थ नहीं बचा है! राजनीति के पुराने कायदे खत्म।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239


























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### स्वामी आत्मानद इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकों ने योग और सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिया भाग

## बच्चों का सर्वांगीण विकास करें शिक्षक : राजेश सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना के अंतर्गत प्रारंभ किए गए इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण देने का प्रयास एससीईआरटी द्वारा लगातार किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकों ने योग और सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण में स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव एवं संचालक एससीईआरटी श्री राजेश सिंह राणा ने कहा कि हमें बच्चों को अकादमी ज्ञान के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास करना है।**





बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने के लिए उनकी रुचि को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल इत्यादि गतिविधियां निरंतर करनी होगी। बच्चों को अपडेट करने के लिए शिक्षकों को भी अपडेट रहना होगा।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकों का प्रशिक्षण राजधानी में एक साथ पांच स्थानों-एससीईआरटी, सीटीई, डाईट, काईट और ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित किया गया। इन स्थानों पर 500 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण में शिक्षकों को पेशेवर दक्षता, भाषा दक्षता, नेतृत्व प्रबंधन कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव राजेश सिंह राणा ने नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल योजना प्रदेश की उच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षकों को देखकर ही सीखते हैं। इसलिए सबसे पहले शिक्षकों को वेशभूषा, आचरण में बदलाव लाना पड़ेगा और बच्चे के स्तर पर जाकर उसे बातचीत करनी होगी। शिक्षकों को नकारात्मकता को छोड़कर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा। श्री राणा ने कहा कि बच्चे जो देखते हैं, वही सीखते हैं। शिक्षक बच्चे को जो देना चाहते हैं उसे अपने आचरण में भी लाना होगा। श्री राणा ने कहा कि बच्चों को रोबोट नहीं बनाना है।

बच्चों में नैतिक शिक्षा कैसे लाएं इस पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि इसका उल्लेख राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी है। श्री राणा ने कहा कि शिक्षकों में आत्मविश्वास की कमी नहीं है, केवल उनको प्रशिक्षण का मौका दिया जाए।

स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे ने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिए और आगामी सत्र के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। श्री राणा के निर्देश पर असिस्टेंट डायरेक्टर एवं स्टेट मीडिया सेंटर के नोडल अधिकारी प्रशांत पांडेय ने भी सभी सत्रों में जाकर व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के साथ कैसे वातावरण निर्माण करना है उन्होंने एक्शन के साथ गीत भी गाए। कार्यशाला में सहायक निदेशक सेज सेल कौस्तुभ चटर्जी, डॉ विद्या चंद्राकर, आई संध्या रानी, केके शुक्ला, प्रीति सिंह, पुष्पा चंद्रा, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, ललित साहू, सविता गुप्ता, रिसोर्स पर्सन चानी एरी, श्रीमती चरनित संधू, श्रीमती कमला राजपाल, कविता मिश्रा, मनोज कुमार शर्मा और प्रज्ञा सेनापति उपस्थित थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और कैट के संयुक्त तत्वाधान में एमएसएमई कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया की दिनांक 23 जुन दिन गुरुवार को चेंबर भवन में एमएसएमई के असिस्टेंट डायरेक्टर विवेक निखाड़े एवं उमेश प्रसाद जी के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।**




चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया की मध्यम एवं सूक्ष्म वर्ग के व्यापारियों को मुख्यत: व्यापार में जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है उसके निराकरण हेतु चेंबर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिन व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन में दिक्कत आ रही है, जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन गलत सबमिट किए हैं उन्हें कैसे सुधारा जाए इसकी जानकारी दी गई।

व्यापार को आगे बढ़ाने हेतु धन की आवश्यकता होती है, कई बार व्यापारियों को सही जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कार्यशाला में व्यापारियों को इस विषय पर भी समझाया गया की कहां से और कैसे बैंक लोन लिया जाए तथा उसमे सब्सिडी भी मिले इसे लेकर संस्था द्वारा परामर्श दिए गए। प्रदेश स्वास्थ्य प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी ने कहा कि वर्तमान समय में 90त्न व्यापार साख और विश्वास पर होता है यदि व्यापारी का पेमेंट अपरिहार्य कारणों से कहीं फसा हुआ है तो उसकी शिकायत कैसे की जाए इसकी भी जानकारी दी गई।

एमएसएमई में समस्त व्यापारियों को अपना पंजीयन करवाना चाहिए ताकि इसका लाभ प्राप्त कर सकें। एमएसएमई में फुटकर और थोक से लेकर किसी भी प्रकार के सर्विसेज का व्यापार कर रहे व्यापारी भी अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

हम सब जानते है की एमएसएमई क्षेत्र एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है जिससे हमे मिलकर इससे उबरना है। इसलिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमे व्यापारीगण आकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किए।

## खास खबर

### सरकार तुंहर द्वार शिविर में दिव्यांग खुशी को मिली खुशियां

**कोरबा।** नोनबिर्रा में आयोजित सरकार तुंहर द्वार शिविर दिव्यांग बालिका खुशी के जीवन में खुशियां लेकर आई। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के निर्देश पर शिविर स्थल में ही बालिका खुशी का दिव्यांगता पेंशन स्वीकृत हो गया।पेंशन स्वीकृत हो जाने से अब खुशी को प्रतिमाह 350 रुपए दिव्यांगता पेंशन के रूप में मिलेगी। पेंशन मिलने से खुशी के माता-पिता को दिव्यांग खुशी के इलाज और पढ़ाई लिखाई में मदद मिलेगी। दरअसल नोनबिर्रा के रहने वाले यमुना लाल वास की 10 वर्षीय पुत्री खुशी वास शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग है। कक्षा चौथी में पढ़ने वाली खुशी का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बन चुका है। खुशी को पेंशन मिलना अभी तक शुरू नहीं हो पाया था। घर की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण बच्ची के इलाज और पढ़ाई लिखाई में दिक्कत हो रही थी। नोनबिर्रा में आयोजित होने वाले शिविर की जानकारी होने पर खुशी के माता-पिता ने कलेक्टर श्रीमती साहू के समक्ष खुशी के दिव्यांगता पेंशन के लिए आवेदन किया।

### मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ सहायता योजना से होगा रमा का इलाज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशव्यापी भेंट- मुलाकात कार्यक्रम के तहत आज दुलदुला विकासखंड के ग्राम पतराटोली में लोगों से चर्चा की और उनसे शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर फीडबैक लिया। इसी बीच भेंट-मुलाकात में गंभीर बीमारी से ग्रसित रमा ताम्रकार ने मुख्यमंत्री बघेल को अपने बीमारी के बारे में बताया और आर्थिक मदद की अपील की। रमा ने बताया कि उसे गम्भीर बीमारी है, बेहतर इलाज के लिए पैसों की आवश्यकता है, आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह ठीक तरह से अपना इलाज नहीं करा पा रही है। उसका इलाज दिल्ली में चल रहा है, पैसों की जरूरत है।

## 11वीं, 12वीं, सी.ए./सी.एस./सी.एम.ए. की कक्षाओं में प्रवेश प्रारंभ : डॉ.संतोष राय

श्रीकंचपथ न्यूज

**भिलाई।11वीं, 12वीं कॉमर्स का आधार होता हैं। डॉ. संतोश राय इंस्टीट्यूट के संचालक डॉ. संतोष राय ने बताया कि कॉमर्स में विगत 28 वर्षो से सर्वश्रेश्ठ परिणाम देने वाली संस्था के परिणाम निरंतर सर्वश्रेष्ठ रहे हैं। डॉ. संतोष राय इंस्टिट्यूट छ.ग. की एक मात्र ऐसी कॉमर्स संस्था हैं जहां छात्रों को समय-समय पर सेमीनार, कैरियर मार्गदर्शन एवं मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य करने हेतु प्रषिक्षित किया जाता हैं।**



डॉ. संतोष राय सर आगे बताते हैं कि आज के छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं हैं बस जरूरत है उन्हें उचित मार्गदर्शन की। 11वीं, 12वीं के सभी विषय संस्था में प्रोफेशनल शिक्षकों द्वारा पढाये जाते हैं। डॉ. संतोष राय जो स्वंय आज भी 12 घंटे की मैराथन क्लास लेते हैं। संस्था में प्रोफेशनल शिक्षकों की सषक्त टीम हैं एकॉउन्टस (डॉ. संतोष राय), इकोनॉमिक्स (डॉ. पीयूश जोशी), बिजनेस (सी.ए. प्रवीण बाफना), मैथ्स (सी.ए. केतन ठक्कर), आई.पी. (डॉ. मिट्ठू मैडम) द्वारा पढ़ाया जाता हैं। डॉ. संतोष राय ने चर्चा के दौरान बताया कि छ.ग. की एकमात्र ऐसी संस्था है जहां 11वीं, 12वीं, सी.ए./सी.एम.ए./सी.एस., बी.कॉम., परसनाल्टी डव्लपमेंट की कक्षाएँ संचालित होती हैं। वहीं संस्था में साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट द्वारा छात्रों का मूल्यांकन एवं मार्गदर्षन किया जाता हैं, ताकि छात्र-छात्राएं अपने कैरियर के प्रति सजग हो सके। यहां प्रोफेषनल कोर्स करने वाले छात्रों को समय-समय पर विशय विषेशज्ञों के माध्यम से जी.डी.पी.आई. की तैयारी करायी जाती हैं। डॉ. संतोश राय का कहना हैं कि ''प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती वरन् सही दिषा में कठिन परिश्रम सफलता का आधार है।'' संस्था आज कॉमर्स की बेहतर षिक्षा के लिए कटिबद्ध हैं।

## रूआबांधा में आपातकाल के 47 साल विषय पर परिचर्चा का आयोजन

श्रीकंचपथ न्यूज

**भिलाई।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान एचसीएल कॉलोनी रूआबांधा सेक्टर भिलाई में शनिवार को ''25 जून 1975 आपातकाल 47 साल में देश ने क्या पाया'' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित लोगों ने आपातकाल की त्रासदी को भोगने वाले लोकतंत्र के सेनानी द्वय भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण और भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चंद्रशेखर के छाया चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। संस्था के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने प्रमुख वक्ता के रूप में आपातकाल लगाने की तत्कालीन परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971 के आम चुनाव एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के विरोध में अपनी सत्ता बचाने के लिए आपातकाल लागू करते हुए लोकतंत्र पर कलंक लगाया था।



जिसे हम लोकतंत्र का काला दिवस मानते हुए याद करते हैं। 47 वर्ष पूरे होने पर भी उसका दंश देशवासी भुला नहीं पाए हैं।शर्मा ने आगे कहा कि आज की परिस्थितियों में मोदी सरकार का अघोषित आपातकाल और इंदिरा के घोषित आपातकाल से में ज्यादा फर्क नहीं है। आज भी मोदी सरकार अपने विरोधियों को दबाने के लिए जिस तरह से संवैधानिक संस्थाओं का बेजा इस्तेमाल कर रही है वह अघोषित आपातकाल नहीं तो और क्या है?

## मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनाः जिले के 26 हितग्राहियों को मिली दुर्लभ बीमारियों के उपचार में सहायता

श्रीकंचपथ न्यूज

**कोरिया। नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये 01 जनवरी 2020 से मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंम्भ किया गया है। योजनांतर्गत जिले के 26 हितग्राहियों को 90 लाख 69 हजार 330 रुपए की राशि से उपचार प्राप्त हुआ है।**

योजनांतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों जैसे लिवर, किडनी, फेफ्ड़ों, हृदय का प्रत्यारोपण, हृदय रोग, हीमोफीलिया एवं फैक्टर-8 एवं 9, कैंसर, एप्लास्टिक अनीमिया, कॉक्लीयर इम्प्लांट, एसिड अटैक विक्टिम्स आदि के उपचार हेतु राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 20 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। राज्य एवं राज्य के बाहर के सभी सरकारी चिकित्सालयों सहित पंजीकृत निजी अस्पतालों तथा सीजीएचएस के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में हितग्राहियों को उपचार की सुविधा प्रदान की गई है। 'ब्लड कैंसर जैसे गम्भीर बीमारी से लड़ने 18 लाख रुपए की मदद ने बढ़ाया मनोबल,-'

विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के वार्ड नंबर 21 के निवासी 35 वर्षीय श्री मदन कुमार टांक को ब्लड कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी से लड़ने में शासन की इस योजना से मिली 18 लाख रुपए की राशि ने मनोबल बढ़ाया है। उनके परिजन ने बताया कि हमे बीमारी के बारे में दिसम्बर 2021 में पता चला, पर इलाज का खर्च परिवार की आर्थिक स्थिति पर भारी था। तब हमने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आवेदन किया और 18 लाख रुपए की राशि स्वीकृत मिलने पर भोपाल में इलाज हेतु भर्ती करवाया, आज उनकी तबियत स्थिर है। उन्होंने इसके लिए शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना मुश्किल की घड़ी में हमारे लिए वरदान की तरह साबित हुई है।

विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के गुरूनानक वार्ड के निवासी श्री प्रेम दीक्षित ने बताया कि जब बिटिया की बीमारी के बारे में पता चला तब परिवार के सामने मानो मुश्किलों का पहाड़ टूट पड़ा। उनकी 24 वर्षीय पुत्री प्रियंका को जीबीएस सिंड्रोम नामक गम्भीर बीमारी जिसमें शरीर पूरी तरह निष्क्रिय स्थिति में चला जाता है, बीमारी के इलाज के लिए शासन की इस योजना के तहत मार्च 2020 में 5 लाख रुपए की मदद प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर स्थित चिकित्सालय में बिटिया का सफल इलाज हुआ।

## मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर

श्रीकंचपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पिछले वर्ष 92.90 एकड़ में जिले के सभी 9 विकासखंड के 11 ग्राम पंचायतों में सघन पौधरोपण करते हुए 18 हजार 42 पौधे लगाए गए हैं। अब यही पौधे धीरे- धीरे आकार ले रहे हैं, साल भर पौधों को सुरक्षित रखते हुए देखभाल की गई हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप हरी भरी धरती की संकल्पना साकार हो रही है। इन खुशनुमा फलोद्यान एवं बगिया में आम, अमरूद, मुनगा, जामुन, काजू, कटहल, महुआ, नारियल, सीताफल, नींबू, आंवला, कदम और पपीता के पौधे लगाए गए हैं। वहीं छायादार पीपल, बरगद, नीम जैसे पौधे भी लगाए गए हैं। जब फलदार वृक्षों से सजी यह खुबसूरत बगिया फलेगी तब इसके सुखद परिणाम मिलेंगे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर के निर्देशन में विगत वर्ष सघन पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायतों में समूह की महिलाओं को पौधों के देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे समूह की महिलाओं को आमदनी होगी और पक्षियों को आशियाना मिलेगा।




जिले में अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम पंचायत सोनसायटोला के 5.40 एकड़ में 864 पौधे, छुईखदान विकासखंड के ग्राम पंचायत खुटेलीकला के 6 एकड़ में 960 पौधे, छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रीटोला ब गण्डरदही के 10 एकड़ में 1600 पौधे, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत रातापायली के 10 एकड़ में 1641 पौधे, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत एलबी नगर के 6 एकड़ में 1200 पौधे, खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बलदेवपुर के 10 एकड़ में 2000 पौधे, मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत औंधी के 10 एकड़ में 1108 पौधे, मोहला विकासखंड के ग्राम पंचायत घावडेटोला के 18.50 एकड़ में 1500 पौधे, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत इंदावानी, अंजोरा के 17 एकड़ में 7169 पौधे लगाए गए है।


## नेत्रहीन दिव्यांगों ने बस्तर पुलिस को दिया धन्यवाद

श्रीकंचपथ न्यूज

**जगदलपुर।** बस्तर पुलिस अपने बेहतर काम से अपनी पहचान बना रही है और अब दुनिया के कोने कोने तक पहुंच रही है शनिवार को भी एक ऐसे ही एक मामले में बस्तर पुलिस की संवेदनशीलता देखने को मिली जब दो दिव्यांग युवकों का बैग ऑटो में छूट जाने की जानकारी मिलने पर कोतवाली टीआई एमन साहू हरकत में आए और कुछ घंटे में नेत्रहीन दो दोस्तों का बैग ढुंढकर उनके हवाले कर दिया। दरअसल नेतानार के रहने वाले देवदास नाग अपने एक दिव्यांग दोस्त के साथ जगदलपुर महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट लेकर पहुंचे हुए थे अपना काम निपटाने के बाद दोनों दोस्त एक ऑटो में बैठकर संजय बाजार पहुंचे और ऑटो वाले को पैसा देकर उतर गए कुछ मिनट बाद जब देवदास को पता चला कि उसका बैग उसके कंधे पर नहीं है बल्कि उनका बैग ऑटो में ही छूट गया जिसे लेकर दोनों दोस्त कोतवाली थाना पहुंचे जहां इसकी शिकायत थाना प्रभारी से की थाना प्रभारी ने तुरंत इसे संज्ञान में लिया और हिमांशु यादव ओमप्रकाश सिंह दोनों को इसकी जिम्मेदारी दी उन्होंने सीसीटीवी कैमरा की मदद से कुछ ही देर में दोनों दिव्यांगों के बैग ढूंढ निकालें और कोतवाली बुलाकर दोनों को बैग सुपुर्द कर दिया बैग मिलने के बाद दोनों दिव्यांगों ने बैग चेक किया जिसमें उनके महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट और कपड़े कुछ पैसे भी सही सलामत मिले जिसे लेकर दोनों दिव्यांगों ने बस्तर पुलिस का दिल से धन्यवाद भी किया।




## खास खबर



### छत्तीसगढ़ में अब तक 101.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 101.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 25 जून तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलें में सर्वाधिक 192.8 मिमी और जशपुर जिले में सबसे कम 53.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 55.5 मिमी, सूरजपुर में 81.4 मिमी, बलरामपुर में 56.8 मिमी, कोरिया में 87.7 मिमी, रायपुर में 61.4 मिमी, बलौदाबाजार में 105.0 मिमी, गरियाबंद में 107.8 मिमी, महासमुंद में 76.7 मिमी, धमतरी में 92.2 मिमी, बिलासपुर में 107.1 मिमी, मुंगेली में 154.0 मिमी, रायगढ़ में 117.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 162.7 मिमी, कोरबा में 135.4 मिमी, दुर्ग में 75.8 मिमी, कबीरधाम में 103.3 मिमी, राजनांदगांव में 106.3 मिमी, बालोद में 151.0 मिमी, बेमेतरा में 97.5 मिमी, बस्तर में 106.5 मिमी, कोण्डागांव में 71.5 मिमी, कांकेर में 80.5 मिमी, नारायणपुर में 79.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 97.0 मिमी, सुकमा में 95.6 मिमी और बीजापुर में 119.6 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस: प्रदेश में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता के लिए होंगे विशेष आयोजन

**रायपुर।** प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून के अवसर पर नशापान के विरूद्ध जनजागरूकता लाकर सकारात्मक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाएगा। नशे के विरूद्ध व्यापक जनमत विकसित करने के सभी जिलों में विभिन्न विभागों के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं।

नशापान करने के विरूद्ध समाज में जागरूकता लाने स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, जनसम्पर्क, पंचायत, आबकारी और नगरीय प्रशासन विभाग को विशेष प्रयास करने कहा गया है।

नशे की रोकथाम के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा समुदाय में जागरूकता लाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए स्थानीय संस्कृति एवं परम्परा को भी ध्यान में रखते हुए आयोजन करने कहा गया है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत माता वाहिनी के माध्यम से पंचायतों में नशा मुक्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें नशापान से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी। नशामुक्ति के लिए नशा तथा एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही रेडियो और टीव्ही के माध्यम से नशा मुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाने के लिए प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से प्रयास किये जाएंगे।

## भेंट-मुलाकात अभियान

# यह जानने और देखने आए हैं कि आप सबको सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा कि नहीं: भूपेश बघेल

### सलियाटोली में मुख्यमंत्री ने लोगों की मांग पर की कई घोषणाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले के कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के गांव सलियाटोली में आम जनता से भेंट-मुलाकात कर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मंत्रालय और विधानसभा में आप सबकी बेहतरी के लिए योजनाएं बनाते हैं। आज हम आपके बीच यह जानने और देखने आए हैं कि आप सबको सरकारी योजनाओं का लाभ सही ढंग से मिल रहा है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसानों से किए वायदे के मुताबिक सर्मथन मूल्य पर धान की खरीदी कर रहे है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए खरीफ और उद्यानिकी की फसलों के उत्पादक कृषकों को प्रति एकड़ के मान से 9 से 10 हजार रूपए की आदान राशि भी दे रहे है, ताकि हमारे किसान भाईयों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिले और वह आर्थिक रूप से खुशहाल हो। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर ग्रामीणों की मांग पर कई घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मौजूद सलियाटोली के बच्चों की मांग पर सलियाटोली से बेमताटोली के बीच पक्की सड़क का निर्माण कराए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कुनकुरी ब्लाक में 54 स्थानों पर देवगुड़ियों के जीर्णोद्धार के डेढ़ करोड़ रूपए की मंजूरी देने के साथ ही देवगुड़ियों में पूजा-अर्चना कराने वाले बैगाओं को भी राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत 7 हजार रूपए की सालाना सहायता राशि दिए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सलियाटोली कुनकुरी में बालक एवं बालिका, नवीन छात्रावास भवन का निर्माण, ग्राम कुड़ेकेला, ग्राम कुंजारा, कलिबा में 33/11 केव्ही विद्युत सबस्टेशन की स्थापना, गोरिया उप स्वास्थ्य केन्द्र का प्राथमिकता स्वास्थ्य केन्द्र में



उन्नयन, कुनकुरी में 50 बिस्तर, सर्वसुविधायुक्त नवीन अस्पताल भवन का निर्माण एवं विशेषज्ञों-चिकित्सकों की पदस्थापना, अस्पताल को नवीन एम्बुलेंस वाहन, मुक्तिधाम का निर्माण, हाई टेक बस स्टैंड, अग्निशमन वाहन, कुनकुरी में फल-सब्जी मंडी की स्थापना, महुआटोली-लुधमा-बेजलोरा मार्ग पर नवीन पुलिया का निर्माण कराए जाने के साथ ही कुनकुरी अंचल के हाथी प्रभावित क्षेत्र में सोलर हाई मास्क लाईट लगाए जाने की घोषणा की।

पशुपालक मनोज कुमार गोधन न्याय योजना के फायदे के बारे में भी मुख्यमंत्री को बताया और कहा कि उसने अब तक 90 क्विंटल गोबर बेचकर 18 हजार रूपए की आय अर्जित की है। मनोज कुमार ने बताया कि गोधन न्याय योजना शुरू हो जाने से अब उसे गोबर बेचने से लगभग साढ़े चार गुना अधिक फायदा होने लगा है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर ग्रामीणों से गौठान के संचालन की स्थिति और किसानों से राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत मिलने वाली आदान सहायता राशि के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जेईई मेंस के माध्यम से एनआईटी में प्रवेशित छात्रा प्रतीति टोप्पो, हसीबा अमान तथा मेडिकल शिक्षा के लिए चयनित नीतीश सोनी, जयंती यादव, दसवीं बोर्ड परीक्षा में मैरिट में स्थान प्राप्त करने वाली अनिशा एक्का, विभा यादव, सौम्या यादव को टैबलेट भेंटकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

### जंगलों में फलदार वृक्ष लगाने से हाथियों को बस्तियों में आने से रोकने में मिलेगी मदद

भेंट-मुलाकात के दौरान ग्राम कंडोरा के निवासी विनोद यादव ने ग्रामीणों और किसानों, वनवासियों एवं भूमिहीन मजदूरों सहित सभी लोगों के कल्याण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना की। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए कहा कि कुनकुरी क्षेत्र में हाथियों का आतंक है। किसान एवं ग्रामीण परेशान है, हाथी किसानों द्वारा लगाए गए केला, महुआ, कटहल, बांस को खा जाने के साथ ही जानमाल को नुकसान पहुंचाते हैं। मुख्यमंत्री ने विनोद यादव की इस समस्या को सुनने के बाद कहा कि इसका समाधान भी आपकी समस्या में समाहित है। यदि हम जंगलों में फलदार वृक्ष जैसे कटहल, महुआ, केला, आम-जाम आदि बड़े पैमाने पर लगाना शुरू कर दे, तो हाथी भोजन की तलाश में गांव और बस्तियों में नहीं आएंगे, इससे हमें हाथियों के आतंक से छुटकारा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथियों का विचरण गांव और बस्तियों में रोकने के उद्देश्य से ही हम जंगल में ईमारती वृक्षों को लगाने के बजाए फलदार वृक्षों को लगाने का काम प्राथमिकता से कर रहे हैं, ताकि जंगली पशुओं को भोजन की तलाश में गांव और बस्तियों में न आना पड़े। फलदार पौधों को लगाने से वनवासियों को इसकी उपलब्धता भी सहजता से सुनिश्चित होगी और उनकी आय बढ़ेगी।

### जशपुर में दिव्यांग रोशन कर रहे आत्मनिर्भरता का उजाला

## दिव्यांग सिलमिना ने मुख्यमंत्री को दिखाया पैरों से एलईडी बल्ब बनाने का हुनर, मुख्यमंत्री ने की खूब सराहना

डिसएबल्ड नहीं अब डीजी-एबल्ड बन रहे दिव्यांग

जशदीप एलईडी बल्ब बनाकर जगमगा रहे जिंदगी

मुख्यमंत्री ने किया दिव्यांगजनों के हौसले और हुनर को सलाम

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना बदल रही लोगों का जीवन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** जशपुर के दिव्यांगजन हौसले और हुनर की बेजोड़ मिसाल पेश कर रहे हैं। दिव्यांगजन न सिर्फ जशदीप एलईडी बल्ब निर्माण कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं बल्कि आत्मनिर्भरता के इस उजाले को रोशन कर सभी के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।

आज सलियाटोली भेंट-मुलाक़ात कार्यक्रम में दिव्यांग सिलमिना तिग्गा ने पैर से एलईडी बल्ब निर्माण के हुनर का मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री खुद दिव्यांगजनों के बीच पहुंचे और उनके द्वारा पेश की गई आत्मनिर्भरता की मिसाल की खूब सराहना की। दरअसल मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जशपुर नगर में दिव्यांगजन एलईडी बल्ब, सोलर लैंप, इमरजेंसी लाइट, स्ट्रीट लाइट निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वे डीजी-एबल्ड नाम से इन बल्ब का निर्माण कर इसे लोकल मार्केट के साथ साथ रायपुर और रांची में भी बेच रहे हैं। इससे स्वयं को इन्होंने आत्मनिर्भर बनाया है। आगे इनकी योजना इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्माण की है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन को एलईडी बल्ब टेक्नीशियन का कोर्स करवाया गया है। इस वर्ष कुल 60 दिव्यांग प्रशिक्षण ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन से बात की और मंच से उनके इस कार्य की सराहना की। वे उनके बीच पहुंचे और सिलमिना द्वारा पैरों से एलईडी निर्माण कार्य का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने उनका हौसला भी बढ़ाया।

### आंगनबाड़ी केंद्र जहां एक भी बच्चा कुपोषित नहीं

## मुख्यमंत्री पहुंचे पतराटोली आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच बच्चों ने कागज के फूल भेंटकर किया आत्मीय स्वागत



### मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से संवर रहा बच्चों का भविष्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जशपुर जिले के दुलदुला विकासखण्ड के ग्राम पतराटोली के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। यहां उनका स्वागत नन्हे बच्चों ने कागज के पुष्प भेंट कर किया। पतराटोली का आंगनबॉडी केंद्र मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र है, जहां 20 बच्चे दर्ज है। खास बात यह है कि यहां एक भी बच्चा कुपोषित नहीं है। इस केन्द्र में सभी बच्चे कुपोषण से मुक्त हो गए हैं। यहां मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से बच्चों का भविष्य संवर रहा है। योजना के तहत 0 से 6 वर्ष के बच्चों को कुपोषण व एनीमिया से बचाने अतिरिक्त पोषण आहार दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया। बच्चों से आत्मीयता से बात की और उन्हें चॉकलेट दिया। उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि खाने में क्या-क्या मिलता है और इस तरह उनसे बात-बात में जानकारी ले ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सुपोषण किट भी प्रदान किया।

केंद्र की कार्यकर्ता ने बताया कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लागातार हेल्थ चेकअप भी किया जाता है। इस आंगनबाड़ी केन्द्र में 20 बच्चे अपना भविष्य संवार रहे हैं।

## मंत्री शिवकुमार डहरिया से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

### शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने किया आमंत्रित

**रायपुर।** शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने किया आमंत्रितनगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अध्यक्ष आरपी भतपहरी के नेतृत्व में रायपुर निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। अध्यक्ष भतपहरी ने सभी पदाधिकारियों का मंत्री डॉ. डहरिया से परिचय करवाया। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समाज को नई दिशा देने, समाज को मजबूती देने में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। आप सभी सामाजिक जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों का निर्वहन आपसी समन्वय के साथ करें। आप सभी से सतनामी समाज को बड़ी



अपेक्षा रहेगी। पदाधिकारियों ने उन्हें आगामी समय में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, साथ ही अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा भी की।

इस अवसर पर सर्व रेशम लाल घृतलहरे, परमेश्वर सांडे, गिरिजा पाटले, एसआर बंजारे, श्यामजी टांडे, विजय कुर्रे, लक्ष्मीकांत कोसरिया, रघुनाथ भारद्वाज, नूतन कुर्रे, द्रोपति जोशी, निशा ओगरे, राजमहन्त पी.एल. कोसरिया, भागवत प्रसाद घृतलहरे, अश्वनी कुमार त्रिवेंद्र, नरोत्तम घृतलहरे, बिलोक चंद्र खरे, डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े, शंकर सोनवानी, विनोद भारती, सुंदर जोगी, मनीष रात्रे, विजय डहरिया, सुनील भतपहरी, मृगेंद्र सोनवानी, सुनील बंधे, कृष्णा कोसले, शैलेन्द्र पाटले एवं पुष्पा पाटले सहित अन्य सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में मौजूद थे।





नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# आदिपुरुष में राम का रोल निभाएंगे प्रभास, द इम्मोर्टल अश्वत्थामा में गुरु द्रोणाचार्य के बेटे के रोल में दिखेंगे विक्की




रणबीर कपूर अपनी अपकमिंग मूवी ब्रह्मास्त्र को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। ये फिल्म पौराणिक कहानी पर बेस्ड है। आगामी दिनों में इसी जॉनर पर बनी ब्रह्मास्त्र समेत और भी फिल्में परदे पर रिलीज होने वाली हैं।

### ब्रह्मास्त्र पार्ट वनः शिवा

अयान मुखर्जी की इस फिल्म का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट स्टारर यह फिल्म 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म महाबली और सर्व शक्तिशाली ब्रह्मास्त्र को ढूंढने की कहानी पर आधारित है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हुआ था, जिसे फैंस ने बहुत पसंद किया था। ये फिल्म साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है।

### राम सेतु

अक्षय कुमार स्टारर एक्शन और एडवेंचर फिल्म राम सेतु 24 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी राम सेतु पुल के इर्द-गिर्द घूमती है। अभिषेक शर्मा की डायरेक्शन में बनी ये फिल्म प्यार और बहादुरी की कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज और नुसरत भरुचा भी नजर आएंगी।

### आदिपुरुष

ओम राउत की फिल्म आदिपुरुष महाकाव्य रामायण की कहानी पर बेस्ड है। 500 करोड़ के बजट वाली यह फिल्म इंडियन सिनेमा की सबसे ज्यादा बजट वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। फिल्म में प्रभास राम और कृति सेनन सीता की रोल में नजर आएंगी, साथ ही सैफ अली खान लंकेश के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 12 जनवरी, 2023 को हिंदी, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ समेत भाषाओं में रिलीज होगी।

### द इम्मोर्टल अश्वत्थामा

आदित्य धर की अपकमिंग फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा एक माइथोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में विक्की कौशल गुरु द्रोणाचार्य के इकलौते बेटे अश्वत्थामा के रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में सारा अली खान भी फीमेल लीड के तौर पर नजर आएंगी। इस फिल्म के रिलीज को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नही हुई है।

### ओह माय गॉड 2

अमित राय की अपकमिंग फिल्म ओह माय गॉड-2 4 नंवबर 2022 को रिलीज होगी। ये फिल्म भी पौराणिक कहानी पर बेस्ड है। इस फिल्म में अक्षय कुमार भगवान शिव के रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म 10 साल पहले रिलीज हुई निर्देशक उमेश शुक्ला की फिल्म 'ओह माई गॉड' का सीक्वल हैं।

# एक्शन में रितिक रोशन और टाइगर श्रॉफ से हुई विद्युत की तुलना

बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल अपने अभिनय के साथ ही एक्शन के लिए भी जाने जाते हैं। विद्युत इन दिनों अपनी फिल्म 'खुदा हाफिज चैप्टर 2ः अग्निपरीक्षा' के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान जब उनकी तुलना ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और आदित्य रॉय कपूर से की गई, तो उन्होंने इस पर एक बड़ा बयान दे दिया।







दरअसल, फिल्म के प्रमोशन के दौरान विद्युत जामवाल से पूछा गया कि वो खुद को बाकी एक्शन स्टार्स ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और आदित्य रॉय कपूर से अलग दिखाने के लिए क्या करते हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए विद्युत ने कहा, 'जितने भी जेंटलमैन का नाम अपने लिया है, वो सभी बेहतरीन एक्शन स्टार्स हैं। लेकिन मैं दुनिया का टॉप मार्शल आर्टिस्ट हूं। ऑफिशियली में हर समय काम करना पसंद करता हूं, चाहे सो रहा हूं या फिर जाग रहा हूं। मैं अपने हुनर को हमेशा तराशते रहता हूं और जागरूक रहता हूं।

इसके आगे विद्युत ने कहा, 'कई लोग मेरी तुलना जैकी चैन और टोनी जा जैसे लीजेंड्स से करते हैं, जिसकी मुझे खुशी है। इंटरनेशनल लेवल पर भी लोग इस बात को जानते हैं कि इंडिया में विद्युत जामवाल नाम का लड़का है, जो कमाल का एक्शन करता है। वहीं, कई लोग कहते हैं कि विद्युत जब आप डांस करते हो तो माइकल जैक्सन लगते हो। इतनी प्रशंसा के बाद हरदम सतर्क रहने की जरूरत है।

विद्युत जामवाल की फिल्म 'खुदा हाफिज चैप्टर 2: अग्निपरीक्षा' 8 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म 2020 में आई 'खुदा हाफिज' की अगली कड़ी है। इस फिल्म में शिवालिका ओबेरॉय मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वहीं, इसके अलावा वह 'आईबी 71' और 'शेर सिंह राणा' फिल्म में भी नजर आने वाले हैं।

# इन दो सीरियल से मशहूर हो गई थीं चेतना राज, गलत सर्जरी की वजह से गंवाई जान



कन्नड़ टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस चेतना राज का आज जन्मदिन है। उनका जन्म साल 2001 में कर्नाटक के बेंगलुरू में हुआ था। बहुत कम समय में उन्होंने छोटे पर्दे पर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया था। चेतना क्षेत्रीय दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय थीं। अपने एक्टिंग करियर में वह कई टीवी सीरियल में नजर आ चुकी हैं। चेतना उन उभरती हुई अभिनेत्रियों में से एक थीं जो आगे चलकर मनोरंजन की दुनिया में बड़ा नाम कमा सकती थीं, लेकिन 17 मई 2022 को 21 साल की छोटी सी उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन सीरियल में आ चुकी हैं नजर

चेतना कई टीवी सीरियल में काम कर चुकी हैं, लेकिन 'दोरेसानी' और 'गीता' की वजह से वह घर-घर में मशहूर हो गई थीं। उन्होंने बहुत कम उम्र में ऐसी लोकप्रियता हासिल कर ली थी जिसका सपना हर एक्ट्रेस देखती है। इन दोनों ही सीरियल का प्रसारण कलर्स कन्नड़ पर होता था। इसके अलावा वह ओलविना नीलदाना जैसे धारावाहिक में भी काम कर चुकी हैं। छोटे पर्दे के अलावा वह हवाईयां नाम की फिल्म भी कर चुकी हैं जो अब तक रिलीज नहीं हुई है।

### सर्जरी के चलते गई जान

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चेतना प्लास्टिक सर्जरी के लिए बेंगलुरु एक अस्पताल में भर्ती हुई थीं। शाम होते होते एक्ट्रेस की तबीयत बिगड़ने लगी। फेफड़ों में पानी भरने के बाद दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। जानकारी के अनुसार सर्जरी के लिए उन्होंने अपने माता-पिता से इजाजत भी मांगी थी, लेकिन चेतना की यह बात सुनकर घरवालों ने सर्जरी के लिए साफ इनकार कर दिया था। इसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ खुद ही सर्जरी कराने अस्पताल पहुंच गई थीं।

### पिता ने लगाए ये आरोप

चेतना के निधन के बाद उनके पिता वरद राजू ने अस्पताल पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके पिता के कहा, ' मेरी बेटी सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे अस्पताल में भर्ती हुई थी। जब तक हमें इस बात की जानकारी मिली, तब तक ऑपरेशन शुरू हो चुका था। शाम तक, फेफड़ों में पानी और वसा भर जाने के कारण चेतना को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। आईसीयू में समुचित सुविधाएं नहीं थीं। जिसकी वजह से उसका निधन हो गया।' फिलहाल पिता के इन गंभीर आरोपों के बाद पुलिस ने अस्पताल के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इम्युनिटी बढ़ाने से लेकर डायबिटीज कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने तक, जानिए इस जूस के अद्भुत स्वास्थ्य लाभ



शरीर के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इम्युनिटी का मजबूत होना कितना आवश्यक है, कोरोना काल ने यह हम सभी को अच्छी तरह से समझा दिया है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए हम सभी ने कई तरह के उपाय भी किए, आहार में बदलाव से लेकर नियमित व्यायाम जैसी आदतें लोगों ने अपनाई। पर क्या इम्युनिटी को मजबूती देना वास्तव में बहुत कठिन है? विशेषज्ञ कहते हैं, बिल्कुल नहीं। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करना एक सतत प्रक्रिया है, यानी कि इसके लिए आपको रोजाना प्रयास करते रहने चाहिए। आहार में कुछ चीजों को शामिल करना इसमें आपके लिए विशेष मददगार हो सकता है, आंवला ऐसा ही एक करिश्माई फल है।

वैसे तो इस मौसम में आंवले उपलब्ध नहीं होते हैं पर आप आंवले के जूस को प्रयोग में ला सकते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि आंवले के जूस का नियमित सेवन इम्युनिटी बढ़ाने से लेकर डायबिटीज-कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने तक में आपके लिए काफी मददगार हो सकता है। आंवला में विटामिन-सी की प्रचुर मात्रा पाई जाती है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ कई तरह के अन्य लाभ भी प्रदान करती है। आइए इससे होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

### इम्युनिटी बढ़ाने का सबसे प्रभावी उपाय

शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए आंवला के रस का सेवन करना आपके लिए विशेष लाभप्रद हो सकता है। आंवला का रस विटामिन-सी का अच्छा स्रोत माना जाता है जो पानी में घुलनशील विटामिन है एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है। आंवले के रस का सेवन शरीर की प्रतिरक्षा कोशिकाओं के कामकाज को ठीक रखने में मदद करता है। अध्ययनों की एक समीक्षा के अनुसार, विटामिन-सी कुछ प्रकार के संक्रमणों को रोकने में भी मदद कर सकता है।

### पाचन को ठीक रखने में सहायक

आंवले को पाचन के लिए काफी कारगर माना जाता है। गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स की समस्या को ठीक करने में आंवले के रस के सेवन के लाभ के बारे में पता चलता है। गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स (जीईआरडी) वाले 68 लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि आंवला के अर्क का 4 सप्ताह तक रोजाना दो बार सेवन हार्टबर्न और पाचन की अन्य कई तरह की समस्याओं को कम करने में आपके लिए सहायक हो सकता है।

### डायबिटीज में देख गए इसके लाभ


कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि डायबिटीज की समस्या में आंवले के रस का नियमित सेवन करना न सिर्फ ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में आपके लिए सहायक है, साथ ही यह मधुमेह के विकास को भी रोक सकता है। आंवले में डायट्री फाइबर की भी मात्रा पाई जाती है जो इसे बेहतर पाचन के लिए उपयुक्त बनाती है। फाइबर वाली चीजों के सेवन को डायबिटीज में भी काफी असरदार पाया गया है।

### कोलेस्ट्रॉल को भी करता है कंट्रोल

अध्ययनों से पता चलता है कि आंवला का रस, हृदय के स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। एक अध्ययन में पाया गया कि आंवला के जूस का सेवन करने वाले लोगों में 12 सप्ताह के भीतर बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर में कमी देखी गई। यह धमनियों में कोलेस्ट्रॉल को जमा होने से बचाने में भी सहायक है। कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रहने से हृदय रोगों का जोखिम कम हो जाता है।

# एफिल टावर के सामने लेडी लव मलाइका के साथ रोमांटिक हुए अर्जुन, शेयर की फोटोज़

अर्जुन कपूर आज अपना 37वां जन्मदिन लेडी लव मलाइका के साथ दुनिया के सबसे रोमांटिक शहर पेरिस में मना रहे हैं। दोनों कुछ दिनों पहले ही पेरिस में जन्मदिन मनाने के लिए रवाना हो गए थे। अर्जुन और मलाइका दोनों ही सोशल मीडिया पर अपनी वेकेशन की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। हाल ही में अर्जुन कपूर ने मलाइका के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा की हैं।



अर्जुन कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें दोनों का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है। अर्जुन सेल्फी ले रहे हैं, तो मलाइका उनके पीछे खड़ी हुई हैं। इसके साथ ही दोनों थोड़ा कोजी होते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। वहीं, दोनों के पीछे एफिल टावर भी साफ नजर आ रहा है, जिसकी ओर एक तस्वीर में मलाइका इशारा करती भी नजर आ रही हैं। तस्वीरों को शेयर करते हुए अर्जुन ने लिखा, एफिल गुड, मुझे पता था, मैं करूंगा...। इसके साथ ही अर्जुन कपूर ने मलाइका के साथ स्टोरी भी लगाई है, जिसे मलाइका ने अपनी स्टोरी में शेयर करते हुए एक हार्ट इमेजी लगाई है। दोनों अपनी तस्वीरों से कपल गोल्स दे रहे हैं। सेलिब्रिटी के साथ ही फैंस भी अर्जुन और मलाइका की तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं।

बता दें कि अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा काफी समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। शुरुआत में दोनों इस बात को नहीं मानते थे, लेकिन अब खुलकर अपने प्यार का इजहार करते हैं। अर्जुन कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें उनकी फिल्म 'एक विलेन 2' 29 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। वहीं, वह आसमान भारद्वाज की 'कुत्ते' और अजय बहल की 'लेडीकिलर' में भी नजर आएंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)



SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI XII B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com



YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com





Paul Sir
BANK P.O.
&
CLERK,
MBA,
RLY.,
SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332



## खास खबर

### स्मार्ट सिटी मिशन के 7 वर्ष पूरे

**रायपुर।** स्मार्ट सिटी मिशन की स्थापना के सात वर्ष पूरे होने पर रायपुर स्मार्ट सिटी द्विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा हैं। इसके तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत संचालित आर डी तिवारी स्कूल के विद्यार्थियों को दक्ष कमान सेंटर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कमान सेंटर की कार्य प्रणाली को बारीकी से समझा। इस अवसर पर महापौर एजाज ढेबर ने बच्चों को संबोंधित करते हुए कहा कि दक्ष कमान सेंटर की आधुनिक प्रणाली नागरिकों को ज़रूरी सुविधा, सूचना देने के साथ ही प्रभावी अपराध नियंत्रण और ट्रैफ़िक व्यवस्था में बड़ी भूमिका निभा रहा है । बच्चों से उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहते हुए रायपुर को उत्कृष्ट शहर बनाने में अपना योगदान दें । स्कूली बच्चों को समसामयिक विषयों से जोड़ने स्वामी आत्मानंद योजनांतर्गत संचालित शहर के सभी स्कूलों में क्विज़ प्रतियोगिता नियमित आयोजित करने और रायपुर के महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कार्यक्रम के आयोजन के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं।

### भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 28 से

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिला भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 28 जून से अग्रोहा भवन मे आयोजित किया गया है 7 प्रशिक्षण वर्ग में जिले भर के लगभग 150 से अधिक भाजपा नेता , पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे7 28जून से प्रारंभ होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम 30जून को संपन्न होगा जिसमे उद्घाटन व समापन सत्र सहित कुल पंद्रह सत्र होंगे 730 जून समापन दिवस को जिला कार्यसमिति की बैठक भी आहूत की गई है 7प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री नारायण चंदेल, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, सांसद अरुण साव, रामसेवक पैकरा, अनुराग सिंहदेव ,हर्षिता पाण्डेय,कृष्ण कुमार राय जगन्नाथ पाणिग्रही,दीपक पटेल राजा पांडेय,अखिलेश सोनी अनिल केशरवानी शामिल होगें।

# उरला में 11 एकड़ जमीन पर होगा खेल मैदान विकसित : निर्मल कोसरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई-3।** भिलाई - चरोदा नगर निगम द्वारा बीएमवाय उरला वार्ड में स्कूल के नजदीक रिक्त 11 एकड़ जमीन को खेल मैदान के रूप में विकसित किया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने आज साइकिल भ्रमण के दौरान इस मैदान के समतलीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीण वार्डों की बस्तियों में जलभराव रोकने नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी।

महापौर निर्मल कोसरे ने आज अपने साइकिल भ्रमण कार्यक्रम के तहत सुबह - सुबह निगम क्षेत्र के बीएमवाय उरला समेत देवबलोदा और जी. केबिन के वार्डों का दौरा किया। वसुंधरा दक्षिण स्थित अपने निवास से पार्षद और कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ निकले महापौर सबसे पहले उरला पहुंचे।

यहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गृह ग्राम कुरुदडीह मार्ग पर स्कूल के पास खाली पड़ी 11 एकड़ जमीन पर हो रहे समतलीकरण कार्य का निरीक्षण किया। श्री कोसरे ने बताया कि इस विस्तृत जमीन को खेल मैदान के रूप में नगर निगम द्वारा विकसित किया जाएगा। इस खेल मैदान के बनने से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलेगा। साइकिल भ्रमण के दौरान महापौर निर्मल कोसरे को हाल ही में हुई बारिश के दौरान बस्तियों में जलभराव से परेशानी होने की शिकायत ग्रामीणों ने की। महापौर ने गलियों का निरीक्षण किया तो अनेक जगह पर नाली के ऊपर पक्का निर्माण व स्लैब बने होने से निकासी बाधित होना पाया गया।

उन्होंने नाली के ऊपर अतिक्रमण हटाने के साथ ही 15 - 15 का गैंग लगातार नालियों की तह तक सफाई कराने का निर्देश निगम के अधिकारियों को दिया। इसके अलावा नए नाली, पाइप लाइन विस्तार एवं सड़क निर्माण की मांग पर महापौर ने प्राथमिकता के साथ आने वाले दिनों में निर्माण कराने का आश्वासन दिया। उरला व देवबलोदा बाजार स्थल पर सब्जी विक्रेताओं व कोचियों के द्वारा सड़े गले सब्जियों को बेतरतीब ढंग से बिखरे जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।



### बच्चों और बुजुर्गों ने दिखाया उत्साह

महापौर निर्मल कोसरे की रविवार को होने वाले साइकिल भ्रमण में आज बच्चों और बुजुर्गों का उत्साह देखते बना। महापौर के घर से निकलने से पहले ही कई नए चेहरे साइकिल लेकर वार्ड भ्रमण पर जाने तैयार थे। कुछ बच्चे और बुजुर्ग चरोदा से महापौर के साथ जुड़े। श्री कोसरे के साइकिल भ्रमण को आमजनता की ओर से भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इसका प्रमाण आज उस वक्त देखने को मिला जब अनेक ग्रामीणों ने महापौर से कहा कि वे पहले ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जो विकास की प्राथमिकता और समस्याओं की जानकारी लेने जनता के पास पहुंच रहे हैं।

# सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई में सत्र 2022-23 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई।सेंट थॉमस महाविद्यालय में सत्र 2022-23 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष के बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए तथा बीएजेएमसी में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया दिनांक 16 जून 2022 से प्रारंभ हो गयी है7 ज्ञात हो कि सेंट थॉमस महाविद्यालय दुर्ग स्थित हेमचंदयादव विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है, जिसमे स्नातक के बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए एवं बीबीए कोर्सेस के अतिरिक्त स्नातकोत्तर स्तर पर एम. कॉम. एमएससी - गणित, भौतिकी, कम्प्यूटर साइंस, आई. टी., रसायन, बायोटेक, माइक्रोबायोलॉजी, बौटनी, जूलोजी , एमए अर्थशास्त्र, एमए इंगलिश, एमए मनोविज्ञान, पीजीडीसीए तथा बीएजेएमसी एवं बीएड के कोर्सेस भी उपलब्ध हैं।




सेंट थॉमस महाविद्यालय को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय का ट्वीन सिटी एक्सीलेंस पुरस्कार महामहिम राज्यपाल द्वारा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष सत्र 2020 की प्रावीण्य सूची जारी की गयी है जिसमे सेंट थॉमस महाविद्यालय के कुल 47 छात्रों ने प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज किया तथा इनमें 8 छात्रों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

वर्तमान में सभी कोर्सेस में स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। छत्तीसगढ़ बोर्ड के बारहवीं के नतीजे आ चुके हैं और उनके लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है एवं द्वितीय तथा तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस के लिए प्रवेश की प्रक्रिया उनके रिजल्ट आने के बाद आरम्भ होगी।

सीबीएसई के बारहवीं के नतीजे आने के बाद उनके लिए स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ होगी। महाविद्यालय में शिक्षण प्रशिक्षण के साथ एनएसएस, एनसीसी एवं रसायन, माइक्रो बायोलॉजी तथा बायोटेक में रिसर्च सेंटर भी संचालित किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में खिलाडियों के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जिमनेजियम, कैंटीन, फ्री वाईफाई, एटीएम तथा छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल की भी सुविधा उपलब्ध है7 स्नातक प्रथम वर्ष में ऑनलाइन आवेदन के लिए छात्र हेमचंदयादव विश्वविद्यालय की वेबसाइट https//www.durguniversity.ac.in/ पर आवेदन कर सकते हैं7 बीएजेएमसी प्रथम वर्ष के लिए छात्र कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर की वेबसाइट https//www.ktujm.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना से कृषक हुए लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जिला के धमधा ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम मुर्रा, साखरा, पंचदेवरी तथा नर्धा के किसानों ने कृषि विभाग एवं रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा राजीव गांधी न्याय योजना के अंतर्गत सुगंधित धान जो किसान को निशुल्क वितरित किया जाना है उसके बारे आने वाले मापदंड को विस्तृत रूप से श्री लहरे जी ने विस्तृत रूप से बतलाया साथ ही लहरे जी ने राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा चल रहे खाद, बीज, कृषि यंत्रो जैसे की रोटावेटर, स्प्रेयर तथा अन्य आदनो पर चल रहे सब्सिडी तथा योजना से किसानो को अवगत कारया।

इस प्रकार के चल रहे सब्सिडी तथा योजना को लहरे जी कृषि विभाग ने मल्टी लोकेशन ऑडियो कॉंफ्रेंस के माध्यम से धमधा ब्लॉक के 5 गॉव के 40 किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई जिससे किसान भाई और बहने लाभान्वित होकर सब्सिडी तथा योजना का लाभ उठा सके। रिलायंस फाऊंडेशन से जिला मैनेजर भूपेंद्र साहू, श्री मिथलेश साहू कृषि विशेषज्ञ रिलायंस फाउंडेशन, प्रोग्राम सपोर्ट डायमन साहू बताए कि किसान भाई सुबह 9:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक रिलायंस फाऊंडेशन की टोल फ्री में कॉल करके किसान भाई मौसम की जानकारी या कृषि संबंधित समस्या का निदान हमारे नि: शुल्क हेल्पलाइन नंबर 1800-419-8800 में कॉल कर ले सकते है।

### नाम परिवर्तन/शपथ पत्र

मैं पूजा शर्मा ( POOJA SHARMA ) उम्र-34 वर्ष, पिता-श्री गनेश कुमार शर्मा (GANESH KUMAR SHARMA ) निवासी क्वा. नं. 15-1/271, पंचशील नगर पश्चिम गुरुद्वारा के पास चरोदा तह. पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. की हूं। मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम पूजा शर्मा ( POOJA SHARMA ) पिता का नाम श्री गनेश कुमार शर्मा (GANESH KUMAR SHARMA ) दर्ज है, जो सही है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम श्री जी. के. शर्मा दर्ज है। जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम श्री गनेश शर्मा (GANESH SHARMA )दर्ज है। इसी तरह मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम श्री गनेश शर्मा (GANESH SHARMA ) दर्ज है। यह है कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज पिता का नाम श्री गनेश कुमार शर्मा (GANESH KUMAR SHARMA ) जन्म प्रमाण में दर्ज पिता का नाम श्री जी. के. शर्मा तथा शैक्षणिक दस्तावेजों एवं पासपोर्ट में दर्ज पिता का नाम श्री गनेश शर्मा (GANESH SHARMA ) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता का ही नाम है। यह है कि मैं उक्त पासपोर्ट में अपने पिता का नाम अपने आधार कार्ड पर दर्ज सही एवं सत्य नाम श्री गनेश कुमार शर्मा (GANESH KUMAR SHARMA ) दर्ज कराना चाहती हूं। इसके साथ ही सभी नाम मेरे पिता के होने, नाम के अंतर को स्पष्ट करने, आधार कार्ड के अनुसार पासपोर्ट में पिता का नाम श्री गनेश कुमार शर्मा (GANESH KUMAR SHARMA ) दर्ज कराने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

(पूजा शर्मा)
शपथकर्ती

### 17 आवारा कुत्तों को पकड़कर शहर से बाहर छोड़ा
# हॉस्पिटल सेक्टर में फैला रहे थे आतंक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई टाउनशिप के हास्पिटल सेक्टर 9 में आतंक फैला रहे 17 आवारा कुत्तों को पकड़कर शहर से बाहर छोड़ा गया है। निगम आयुक्त के निर्देश पर तुलसी महिला स्व सहायता समूह ने इस काम को किया है।

पिछले कुछ दिनों से हास्पिटल सेक्टर के सड़क 9,10,11 एवं 12 में आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा था। कुछ कुत्ते आने जाने वालों को काट रहे थे। एकाध कुत्ते के पागल होने की भी आशंका जताई जा रही थी। इन कुत्तों के चलते लोगों में भय बना हुआ था। वार्ड पार्षद ने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे से इसकी शिकायत की। जिसके बाद निगम आयुक्त ने पूर्व में आवारा कुत्तों की धरपकड़ का काम कर चुकी रिसाली की तुलसी महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा देशमुख से संपर्क किया और हास्पिटल सेक्टर में कुत्तों को पकड़कर बाहर ले जाकर छोड़ने को कहा।

आयुक्त के निर्देश पर समूह ने विशेषज्ञों के माध्यम से 17 कुत्तों को पकड़कर शहर के बाहर ले जाकर छोड़ दिया। जिसके बाद हास्पिटल सेक्टर के लोगों को कुत्तों के आतंक से राहत मिल गई है।

# देसी जुगाड़ से निर्मित मिट्टी का चूल्हा टीबी रोग पर नियंत्रण के लिए है काफी मददगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** टीबी रोग की चपेट में कोई न आए, यह उद्देश्य लेकर जिले के धमधा विकासखंड में अनूठा प्रयोग किया जा रहा है। यहां देसी जुगाड़ से मिट्टी का ऐसा चूल्हा बनाया गया है जिससे घर के अंदर धुआं नहीं फैलता। वहीं पूरा खाना एक साथ तैयार किया जा सकता है जिससे लकड़ी की खपत भी काफी कम होती है। यही इस चूल्हे की सबसे बड़ी विशेषता है। धुआंरहित चूल्हा होने की वजह से ही टीबी जैसी गंभीर बीमारी को पनपने से काफी हद तक रोका जा सकता है।

इस अनूठे चूल्हे को घर-घर पहुंचाने के लिए टीबी चैंपियंस के माध्यम से दुर्ग जिले में जोर-शोर से प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें मितानिन भी अहम भूमिका निभा रही हैं। यह चूल्हा कई मायनों में सबसे अलग और विशेष है, जिसे धुएं अथवा टीबी रोग से बचाव हेतु एहतियाती सुरक्षा के लिए कोई भी अपने घर लगवा सकता है, वह भी नि:शुल्क।

धुआंरहित अनूठे चूल्हे का जिक्र करते हुए जामुल निवासी तथा धमधा विकासखंड क्षेत्र में कार्यरत टीबी चैंपियन लालेंद्र साहू ने बताया: डीटीओ डॉ. अनिल शुक्ला के नेतृत्व में टीबी रोग से बचाव के लिए कुछ अलग करने की इच्छाशक्ति के साथ प्रयास शुरू किया गया था। यू-ट्यूब देखकर धुआंरहित चूल्हा बनाने का प्रयास किया गया जिसका परिणाम अब धुआंरहित (स्मोकलेस) चूल्हा के रूप में हम सबके सामने है। यह चूल्हा खाना बनाते समय धुएं से निजात दिलाता है। धुआंरहित इस चूल्हे को मितानिन के हाथों तैयार किया जाता है जिसमें एक पाइप लगाया जाता है जिससे धुआं घर में नहीं फैलता और पाइप के माध्यम से ही धुआं घर से बाहर निकल जाता है। जिस घर में टीबी के संदिग्ध मरीज हैं, वहां पर यह चूल्हा नि:शुल्क लगाया जाता है। इसके अलावा सामान्य घरों के लिए भी यह चूल्हा बहुत उपयोगी है क्योंकि चूल्हे से धुआं नहीं फैलने के कारण टीबी रोग होने के खतरे को काफी हद तक टाला जा सकता है।

इस संबंध में दुर्ग जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. अनिल शुक्ला ने बताया: कलेक्टर डॉ. सर्वेश्नर नरेंद्र भुरे और सीएमएचओ डॉ. जेपी मेश्राम के मार्गदर्शन में टीबी रोग पर नियंत्रण के लिए जिले में हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि लोगों को टीबी रोग होने से बचाया जा सके। इसका सुखद परिणाम अब धुआंरहित चूल्हे के रूप में सामने आया है। धुआंरहित चूल्हा हर घर के लिए उपयोगी है, इसलिए व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए यह चूल्हा लोगों के घरों में निशुल्क लगाया जाता है। इस चूल्हे को कोई भी अपने घर लगवा सकता है।



























# प्रयागराज से बिलासपुर आ रही बस खाई में गिरी, दो बच्चियों की मौत, 20 से ज्यादा घायल

**कवर्धा (ए)।** कवर्धा (कबीरधाम) में शनिवार देर शाम प्रयागराज से आ रही यात्री बस पलट गई। हादसे में दो बच्चियों की दबने से मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। अंदर फंसे यात्री किसी तरह खुद ही बाहर निकले। नेटवर्क की समस्या के चलते हादसे की सूचना पुलिस को करीब एक घंटे बाद मिल सकी। इसके बाद पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में मृत दोनों बच्चियों के शव नीचे ही दबे रहे। उन्हें 4 घंटे बाद निकाला जा सका। हादसा कुकदूर क्षेत्र में हुआ है।



जानकारी के मुताबिक, प्रयागराज से नंदिनी ट्रैवल्स की बस क्रमांक- एमपी19-पी2356 सवारी लेकर शनिवार शाम बिलासपुर आ रही थी। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। तेज रफ्तार बस शाम करीब 5.30 बजे आगरपानी मोड़ पर पहुंची तो बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे के बाद यात्रियों की चीख- पुकार मच गई, पर कहीं से मदद नहीं मिली। इस पर अंदर बैठे यात्री खुद ही किसी तरह बाहर निकले और अंदर फंसे लोगों को भी बाहर निकाला। इस दौरान बस के नीचे दबने से दो बच्चियों की मौत हो गई।

### हादसे के 1 घंटे बाद पहुंची पुलिस और एंबुलेंस

आगरपानी मोड़ पर जहां हादसा हुआ, वह कुकदुर से महज 10 किलोमीटर दूर है। मौसम खराब होने के कारण मोबाइल नेटवर्क की दिक्कत थी। इस कारण पुलिस को देर से सूचना मिली। घायलों को एंबुलेंस की मदद से कुकदुर और पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहीं बच्चियों के शव को निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई। रात करीब 9.30 बजे तक बच्चियों के शवों को बाहर निकाला जा सका। बस में सवार ज्यादातर लोग बिलासपुर, जांजगीर, मुंगेली जिले के रहने वाले हैं।

### 4 महीने पहले भी यहीं हुआ था हादसा

कुकदूर क्षेत्र के बजाग-कुकदुर मार्ग पर पिछले 4 माह में यह दूसरा हादसा है। इससे पहले भी प्रयागराज से आ रही यात्री बस पलट गई थी। इसमें एक यात्री की मौत हो गई थी, जबकि 18 लोग घायल हुए थे। तब भी यही सामने आया था कि बस की रफ्तार काफी तेज थी। साथ ही यह भी पता चला था कि बस बिना यात्री परमिट के चल रही थी और उसका टैक्स भी नहीं भरा गया था। हादसे के बाद कागजी कार्रवाई पूरी की गई थी। शहडोल का रूपचंद मंगलानी बस का मालिक था। उसकी पक्षीराज रोडवेज के नाम से ट्रैवेल कंपनी है।

## खास-खबर

### शराब पीने से परिजन करते थे मना नाराज युवक ने टावर पर चढ़कर लगा ली फांसी

**कोरबा ( ए )।** शराब पीने से परिजन द्वारा मना करने पर एक युवक ने समझने की बजाए बिजली के टावर पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है। कोरबी चौकी अंतर्गत तेंदूपारा दम्महामुड़ा गांव निवासी धीरसाय ओड़े का 22 वर्षीय पुत्र रवि कुमार को शराब पीने की आदत लग गई थी। अक्सर वह शराब पीकर घूमता रहता था। इस कारण उसे परिजन शराब पीने से मना करते थे। शुक्रवार को वह जंगल की ओर लकड़ी लेने गया था, जहां से लौटा तो शराब पीकर पहुंचा था। परिजन ने उसे शराब पीने से मना किया। इस पर वह नाराज हो गया। वह हमेशा टोका-टाकी करते हो कहकर घर से चला गया। फिर रातभर घर नहीं लौटा। शनिवार सुबह जब परिजन पतासाजी करते हुए दम्महामुड़ा जंगल की ओर गए, तो वहां बिजली की हाईटेंशन लाइन के टावर पर रवि कुमार का शव फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। घटना की सूचना कोरबा चौकी में दी गई, जहां से चौकी प्रभारी बसंत कुमार साहू स्टाफ समेत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। मृतत के शरीर पर चोट का निशान नहीं होने से परिजन ने आत्महत्या की आशंका जताई है।

### फाइनेंस कंपनी से 58.87 लाख लोन लेकर बेच दिया बंधक मकान जुर्म दर्ज

**बिलासपुर ( ए )।** युवक ने मकान को गिरवी रखकर फाइनेंस कंपनी से 58 लाख 87 हजार रुपये लोन लिया। किस्त के रूप में 14 लाख 57 हजार 586 रुपये जमा करने के बाद बंधक मकान को बेच दिया। किस्त की राशि जमा नहीं होने पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तब धोखाधड़ी का पता चला है। आरोपित ने 44 लाख 20 हजार रुपये का गबन किया है। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर तारबाहर पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। तोरवा निवासी श्याम सुंदर उचनिया और समता उचनिया ने साल 2016 में चोला मंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में लोन लेने के लिए आवेदन दिया। लोन के एवज में तोरवा के विवेकानंद नगर वार्ड नंबर 40 स्थित मकान को बंधक रखा। कंपनी ने दोनों को 46 लाख रुपये लोन दिया। इसकी किस्त के रूप में प्रति माह 46 हजार 800 रुपये जमा करता था। उन्होंने कुल 14 लाख 57 हजार 586 रुपये जमा किए। पांच सितंबर 2019 के बाद कोई किस्त जमा नहीं हुई। उस पर कुल 44 लाख 20 हजार रुपये बकाया है। ऐसे में फाइनेंस कंपनी कर्मचारी बंधक मकान को कुर्क करने मौके पर पहुंचे। तब पता चला कि श्याम सुंदर और समता ने फर्जी तरीके से सिटी कोतवाली जगमल चौक निवासी अपने रिश्तेदार शेखर राम यादव को मुख्तियार बनाकर बंधक मकान को बेच दिया है। मामले में कंपनी के कलेक्शन मैनेजर प्रकाश वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जांच में पता चला कि श्याम सुंदर और समता ने लोन के तत्काल बाद फर्जीवाड़ कर शेखर राम यादव को मुख्तियार घोषित कर दिया। इससे शेखर को मकान बेचने का अधिकार मिल गया। फिर शेखर के साथ मिलकर मकान को बेच दिया।

प्रेम विवाह करने पर समाज से जारी हुआ फतवा

# बेटे के लिए प्रिंसिपल पिता की कानूनी लड़ाई कोर्ट ने समाज के पदाधिकारियों को भेजा नोटिस

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में पदस्थ प्राचार्य के बेटे ने दूसरी जाति की युवती से प्रेम विवाह कर लिया। इससे नाराज समाज के पदाधिकारियों ने पूरे परिवार को समाज से बाहर करने का फतवा जारी कर दिया। इतना ही नहीं, इस विवाह में शामिल होने वाले उनके रिश्तेदारों पर भी 5-5 हजार रुपए जुर्माना कर दिया। इससे परेशान प्रिंसिपल ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। कोर्ट ने महाकुल समाज के पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जशपुर जिले के पत्थलगांव निवासी महाकुल समाज के डीपी नवगवाल बिलासपुर के विनोबानगर में रहते हैं। वे गुरु नानक स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें बताया गया है कि उनके बेटे अंकित ने 10 दिसंबर 2020 को अंतरजातीय प्रेम विवाह किया। उसकी शादी, विवाह अधिकारी के समक्ष हुई थी। प्राचार्य नवगवाल ने शादी में महाकुल समाज के अपने रिश्तेदारों को भी बुलाया था।



### शादी में शामिल होने पर रिश्तेदारों पर लगाया पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना

याचिका में बताया गया है कि उनके बेटे के अंतरजातीय विवाह करने की जानकारी मिलने के बाद महाकुल समाज के पदाधिकारियों ने शादी में शामिल होने वाले उनके रिश्तेदारों पर पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही प्राचार्य नवगवाल को अपने बेटे की शादी दूसरे समाज की लड़की से कराने का अपराधी मानते हुए उन्हें समाज से ही बहिष्कृत कर दिया गया।

### समाज ने आयोजन में शामिल होने पर लगाया बैन

याचिकाकर्ता प्राचार्य ने बताया कि समाज के ब्लॉक अध्यक्ष हिरदयानंद बारिक व पत्थलगांव के पदाधिकारी गणेशचंद्र बेहरा ने उनके रिश्तेदारों से मिलने जुलने व कार्यक्रम में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सामाजिक बंधन में बंधे उनके रिश्तेदारों ने बहिष्कार के डर से अब उन्हें अपने किसी भी आयोजन में बुलाना छोड़ दिया है। साथ ही उनके रिश्तेदारों को भी उनके किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### सामाजिक कुरीति के खिलाफ कानूनी लड़ाई जरूरी: हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया है कि आज के आधुनिक समय में इस तरह से प्रतिबंध सामाजिक कुरीति और कानूनन अपराध के दायरे में आता है। यह समाज के किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन है। याचिकाकर्ता खुद प्राचार्य हैं और उन्हें इस तरह से सामाजिक बंधन से कोई सरोकार नहीं है। लेकिन, उनके रिश्तेदारों पर जिस तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। इसे खत्म करने के लिए उन्हें हाईकोर्ट में याचिका दायर करनी पड़ी है। समाज में इस तरह की कुरीतियों को खत्म करने की जरूरत है। इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# बीते 5 महीने में ट्रैफिक पुलिस ने 14533 वाहनों से वसूले 51 लाख

**भिलाई।** यातायात पुलिस ने हाईकोर्ट की गाइड लाइन के तहत दुर्घटना में मौत होने पर कार्रवाई करना शुरू किया है। बीते 5 महीने में यातायात विभाग ने 14533 दो और चार पहिया चालकों से 51 लाख 8 700 रुपए वसूले हैं। कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक पांच कारणों से दुर्घटनाएं होती हैं। इन कारणों में बिना सीट बेल्ट, बगैर हेलमेट लगाए वाहन चलाने, मोबाइल पर बात करते हुए बाइक या कार चलाने, शराब पीकर वाहन चलाना और बाइक पर तीन सवारी शामिल हैं।

ट्रैफिक पुलिस के बीते 5 महीने और 15 दिन के आंकड़े बताते हैं कि पुलिस ने 12278 बाइक सवार पर कार्रवाई की है। 2255 कार चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक शराब पीकर वाहन चलाने वाले सिर्फ 70 लोगों के चालान बनाए गए। तीन सवारी वाले 3335, बिना हेलमेट पहने 947, बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों का चालान काटा गया।

### 7 निजी बसों से वसूले गए 4 हजार 500 रु.

डीएसपी गुरजीत सिंह ने बताया कि निजी बस चालकों के खिलाफ बिना टिकट के सवारी बैठाने, निर्धारित राशि से ज्यादा पैसा वसूलने, ओवर लोड, बिना ड्रेस लगाए वाहन चलाने की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने अभियान चलाकर 7 निजी बस चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। बस चालकों से 45 सौ रुपए का चालान वसूला गया है। बसों में क्षमता से अधिक सवारी पाया गया। बिना टिकट यात्री बैठे मिले। चालक निर्धारित ड्रेस नहीं पहने और शराब पीकर चलाते पाए गए।

### शुक्रवार से पुलिस ने शुरु किया अभियान

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को बिना सीट बेल्ट गाड़ी चलाने वालों पर टारगेट करके कार्रवाई की गई। यह पहली बार होगा जब हाईकोर्ट की गाइड लाइन के तहत कार्रवाई की गई। गाइड लाइन के मुताबिक दुर्घटना होने के पांच कारण है। इन्हीं कारणों के चलते हादसे होते है। इस वजह से वाहन चालकों के दस्तावेज समेत अन्य जांच करने के टारगेट के मुताबिक कार्रवाई शुरु की गई। पहले दिन बिन सीट बेल्ट लगाए कार चलाने वाले 50 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। 130 बाइक चालक भी पकड़े गए।

### 15 जून तक सड़क दुर्घटनाओं में 135 की मौत

पुलिस के मुताबिक बीते 5 माह से 15 जून के बीच 124 सड़क हादसों में 135 लोगों की मौत हो चुकी है। हाईकोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक इनमें 88 लोगों की मौत बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने वालों की हुई है। इसी तरह बिना सीट बेल्ट लगाए कार चलाने वाले 3 लोगों की मौत हो चुकी है। शराब पीकर वाहन चलाते दुर्घटना में मौत हो जाने, तीन सवारी और मोबाइल पर बात करते हुए दुर्घटना में मौत होने की जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस वजह से इसका आंकड़ा उपलब्ध नहीं हो पाया।

# दिव्यांग पुत्र की हत्या करने पिता ने घर में लगाई आग

**बिलासपुर।** दिव्यांग पुत्र की हत्या करने के लिए पिता ने मकान में आग लगा दी। आगजनी में फ्रिज, टीवी, आलमारी, समेत अन्य सामान जल गए। पत्नी की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। अनीता दयालबंद स्थित शशि बोले के मकान में किराए में रहती हैं। वे कैटरिंग मैनेजर का काम करती हैं। महिला का 18 वर्षीय पुत्र अरमान बचपन से दिव्यांग है। उन्होंने सिटी कोतवानी थाने में शिकायत की है कि अरमान की हत्या करने के लिए उनके पति राजेश ने 24 जून की दोपहर 3.30 बजे मकान में आग लगा दी। इस दौरान अनीता और अरमान घर में नहीं थे। घर से निकलती आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस की डायल 112 को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। लोगों के साथ मिलकर आग में काबू पाया। अपनी शिकायत में अनीता ने बताया कि राजेश ने पुत्र के साथ उनकी भी हत्या करना चाहता था। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। अनीता ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका पति राजेश शराब पीने का आदी है। वह अरमान को जान से मारने का कई बार प्रयास कर चुका है। एक बार दिव्यांग बच्चे को पानी में डुबा दिया था। कुछ दिन बाद फांसी लगाने का प्रयास किया था।

# नौकरी लगाने किसान से 7.50 लाख की ठगी, दिया फर्जी ज्वाइनिंग लेटर

**बालोद ( ए )।** भारतीय सेना में बेटे को नौकरी लगाने के पर किसान से 7 लाख 50 हजार रुपए ठगी मामले में गुरूर थाने में नई दिल्ली निवासी पवन कुमार, दुर्ग निवासी अर्चना और उनके भाई अभिषेक गोस्वामी के खिलाफ धारा 420, 34, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। छग के गृह मंत्री, लोकसभा सांसद मोहन मंडावी, कलेक्टर, एसपी को भी प्रतिलिपि भेजकर पैसा वापस कर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करने की पीड़ित द्वारा की गई है। ग्राम केकतीपारा कोटतरा, चारामा जिला कांकेर निवासी मोहन कुमार साहू ने बताया कि बेटा राहुल कुमार साहू ओशियन एकेडमी कोटा रायपुर में फिजिकल तैयारी के लिए कोर्स कर रहा था। इस दौरान उसके दोस्त मिथलेश साहू, चन्द्रप्रकाश ग्राम कैथा (बिलाईगढ) ने ग्राम सोहागपुर में अर्चना गोस्वामी से संपर्क कराया। अर्चना ने बेटे को भारतीय सेना में भर्ती (सोल्जर जनरल डूयटी) में भर्ती कराने की बात कहीं। अर्चना ने खुद को सेना में अधिकारी के पद पर कार्यरत होने की जानकारी देकर 6 लाख रुपए मांगा। 12 जनवरी को बैंक ऑफ बड़ौदा कोचवाही में जाकर यूको बैंक दुर्ग के खाता में 5 लाख रुपए ट्रांसफर किया। फोन-पे के माध्यम से 2 मार्च को 80 हजार एवं 3 मार्च को 20 हजार रुपए का भुगतान किया। जिसके बाद बेंगलुरू ट्रेनिंग में ले जाऊंगा कह कर अर्चना के पहचान के पवन कुमार केकतीपारा कोटतरा आया। जिसे नकद डेढ़ लाख रुपए दिया। इस तरह आरोपियों ने भारतीय सेना में भर्ती कराने के नाम पर 7 लाख 50 हजार रुपए लिया। अर्चना के भाई अभिषेक ने पैसा लौटाने की बात कही लेकिन अब मोबाइल बंद कर दिया है। नौकरी नहीं लगी है।

मोहन ने बताया कि 9 जनवरी को मेडिकल चेकअप कराने आरोपियों ने आर्मी अस्पताल कोलकाता बुलाया। जहां चेकअप किया गया। जिसके बाद 12 जनवरी को ज्वाइनिंग लेटर पवन ने कोलकाता में दिया। 17 फरवरी को ज्वाइनिंग लेटर घर में पोस्ट के माध्यम से मिला। कुछ दिन बाद नौकरी न लगने पर आरोपियों से संपर्क किया तो कहने लगे कि नौकरी नहीं लग पाएगा। अपना पैसा वापस ले जाओ। 27 मार्च को अर्चना गोस्वामी, पवन कुमार से कोटा रायपुर में मुलाकात हुआ। जहां 6 लाख का चेक देकर 30 अप्रैल को बैंक में जमा करने की बात कहीं। 25 अप्रैल को कहा गया कि चेक अभी मत लगाना बैंक में पैसा नहीं है।

Authorised For :
SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### अनाज व्यापारी कमलचंद जैन के निधन के पश्चात नेत्रदान सम्पन्न

**दुर्ग।** चंदखुरी निवासी अनाज व्यापारी आर पी ट्रेडर्स की संचालक कमलचंद जैन (52 वर्ष) के निधन के पश्चात उनके नेत्रदान नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से सम्पन्न हुए ,श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में सुबह श्री कमलचंद जैन का निधन होते ही उनके पुत्र राहुल जैन ,प्रतीक जैन ने अपनी मां प्रतिभा जैन से चर्चा कर नेत्रदान का निर्णय लिया व पारिवारिक सदस्य महेश चांडक को नेत्रदान हेतु संस्था से सम्पर्क करने कहा जिस पर महेश चांडक ने नवदृष्टि के सदस्यों से सम्पर्क कर नेत्रदान हेतु सुचना दी सुचना मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,प्रभुदयाल उजाला,रितेश जैन,हरमन दुलाई,मुकेश राठी तत्काल जिला चिकित्सालय के नेत्रसहायक अधिकारी अरुण सिंग,अजय नायक,शत्रुहन सिन्हा,विवेक सोनी,छबल सिंह नेताम,हरिशंकर साहू को ले शंकराचार्य हॉस्पिटल पहुंचे जंहा टीम ने कमलचंद के कॉर्निया कलेक्ट किए। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ नितेश जैन व विवेक कसार ने नेत्रदान प्रक्रीया में सहयोग किया। डॉ नितेश जैन ने जानकारी दी जल्द ही श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल में कॉर्निया ट्रांसप्लांट की प्रक्रीया प्रारम्भ हो जाएगी।

# छावनीवासियों को मिली इंग्लिश मिडियम स्कूल की सौगात, जल्द होगा शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छावनी को आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बना दिया गया है। इसके साथ ही अब जल्द ही यहां स्कूल में बच्चों का प्रवेश शुरू कर दिया जाएगा। छावनी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए यह बड़ी सौगात है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने यह सौगात क्षेत्र के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए दी है।



25 जून दोपहर दो बजे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव छावनी स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने छावनी स्कूल के शिक्षकों से मुलाकात की और स्कूल के संबंध में पूरी जानकारी ली। शिक्षकों ने स्कूल के बारे में बताया कि कितने क्लास है, कितना विद्यार्थी है आदि।

इसके साथ ही विधायक देवेंद्र यादव का शिक्षकों ने आभार जताया कि इस स्कूल को आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बनाया गया है। इससे क्षेत्र के बच्चों को काफी लाभ होगा। जिन बच्चों के पालक उन्हें प्राइवेट स्कूल में पढ़ा नहीं पाते थे, अब वे इस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए भिलाई नगर विधायक का पूरा सहयोग रहा।

जनता की मांग पर विधायक देवेंद्र यादव ने विशेष तौर पर इस स्कूल को अंग्रेजी माध्यम में बदलने के लिए सीएम भूपेश बघेल से मांग किए थे। जनता की मांग को देखते हुए सीएम ने स्कूल को अंग्रेजी माध्यम बना दिया है। अब अंग्रेजी माध्यम स्कूल के अनुसार स्कूल में इसी सत्र से कुछ दिनों में प्रवेश लेना भी शुरू कर दिया जाएगा। इसकी तैयारी का जायजा लेने के लिए विधायक देवेंद्र यादव स्कूल पहुंचे। जहां शिक्षकों ने बताया कि पूरी तैयारी हो गई है। हजारों की संख्या में शामिल हुए क्षेत्र के लोगों ने भी विधायक देवेंद्र यादव का आभार जताया और कहा कि भूपेश है तो भरोसा और देवेंद्र है तो पूरा विश्वास है।

**सीएम की पहल से जनता की मांग हुई पूरी**

छावनी क्षेत्र की जनता ने मांग की थी कि उनके क्षेत्र में भी एक आत्मानंद स्कूल खोला जाए। क्योंकि छावनी क्षेत्र में अधिकांश लोग सामान्य परिवार के हैं। जो अपने बच्चों को बड़े प्राइवेट इंग्लिश मिडियम स्कूल में नहीं पढ़ा पाते हैं। इसलिए जनता की मांग पर छावनी स्कूल को अंग्रेजी माध्यम बनाया गया है। हमारे मुखिया प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के समक्ष हमने जनता की मांग रखी, जिसे उन्हें तत्काल स्वीकार किया और स्कूल की घोषणा करने के साथ ही प्रवेश भी अब जल्द प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**देवेंद्र यादव**, विधायक भिलाईनगर

# अतिक्रमण के विरुद्ध भिलाई निगम का अभियान, छावनी में हटाए गए अवैध कब्जे

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** अतिक्रमण के विरुद्ध भिलाई निगम ने अभियान छेड़ रखा है। शहर से अवैध ठेले एवं कब्जों को हटाया जा रहा है। भिलाई शहर के मुख्य सड़कों के किनारे नाली के उपर हुए अवैध अतिक्रमण को निगम की टीम जे.सी.बी से बेदखली की जारी है। आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर छावनी चौक व तिरंगा चौक के पास तोड़फोड़ की कार्यवाही कर अवैध कब्जे हटाएं गये है।

अवैध कब्जाधारियों ने मिल कर सुंदर विहार कॉलोनी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर लगभग 5 हजार वर्गफीट भूमि पर बाउंड्रीवाल तथा फैंसिंग तार से घेरा कर लिए थे, जिसे निगम की टीम ने तोड़फोड़ करते हुए कालम गड्ढे को पाटकर समतल किया । इसी प्रकार जोन 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में वार्ड 41 छावनी तिरंगा चौक के समीप ट्रांसपोर्ट नगर पहुंच मुख्य सड़क के किनारे अवैध रूप से दुकान संचालित होने से वाहनों के आवागमन में हो रही समस्या के शिकायत पर निगम की टीम जेसीबी लेकर पहुंची और अवैध दुकानों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में बेदखली कि कार्यवाही कर यातायात को सुगम बनाया गया। कार्यवाही में भवन अनुज्ञा के उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, जोन 02 के सहायक राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी, तोड़फोड़ दस्ता के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू तोड़फोड़ टीम के कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे। बता दे कि लक्ष्मी मार्केट, सुपेला घडी चौक से गदा चौक तक नाली के उपर बने अवैध अतिक्रमण को जे.सी.बी. से ध्वस्त कर नाली को गहराई से साफ करने के निर्देश आयुक्त ने स्वास्थ एवं राजस्व अमले को निर्देश दिए है।

# जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, उरला क्षेत्र में नेशनल हाईवे के पास एक और अवैध प्लाटिंग हटाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जिला प्रशासन निगम प्रशासन एवं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों के द्वारा उरला में नेशनल हाईवे के पास खसरा नंबर 782 और 783 में लगभग 3 एकड़ भूमि पर सुनील कुमार गुप्ता एवं हिमांशु अग्रवाल द्वारा बिना ले आऊट पास कराएं अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था जिसे संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग के रोड रास्ता नालियों एवं बाउंड्री वाल को नगर निगम की जेसीबी के द्वारा नेस्तनाबूद कर दिया गया. उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम अवैध प्लाटिंग के मामले में पूरी तरह से सजग होकर कार्रवाई कर रही है.आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे, नगर निगम के प्रभारी आयुक्त आशीष देवांगन तहसीलदार दुर्ग प्रकाश सोनी, उपायुक्त मोहे??द्र साहू भवन अधिकारी प्रकाश थवानी, सहायक भवन अधिकारी गिरीश दीवान, नगर एवं ग्राम निवेश के वरिष्ठ मानचित्रकार राजेश डूमरे, राजस्व निरीक्षक श्रीमती सुनीति निषाद, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, उरला पटवारी चंद्रशेखर साहू, अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा, एवं अतिक्रमण दल के सभी कर्मचारी रहे।

# कृष्ण कुंज के लिए नगरीय निकायों में चिन्हांकित स्थलों में कार्य शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगरीय निकायों में राज्य सरकार के एक एकड़ भूमि पर कृष्ण कुंज बनाने के निर्णय पर कार्यान्वयन आरंभ हो गया है। नगरीय निकायों के महत्वपूर्ण स्थलों में कृष्ण कुंज का चिन्हांकन किया गया है। आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने चिन्हांकित स्थलों का निरीक्षण किया। उनके साथ डीएफओ शशिकुमार भी थे। कलेक्टर ने शुरूआत पांच बिल्डिंग, दुर्ग में चिन्हांकित भूमि से की। यहां पर आरंभिक कार्य आरंभ कर दिया गया है। इसके बाद उन्होंने सुंदर विहार, भिलाई में चिन्हांकित भूमि देखी। फिर भिलाई चरौदा, कुम्हारी आदि में चिन्हांकित स्थल देखे। कलेक्टर ने कहा कि कृष्ण कुंज को विकसित करने के पीछे शासन की मंशा है कि भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण माने जाने वाले पौधों की वाटिका तैयार हो सके, इन वृक्षों के तले सुकून का माहौल शहर के लोग बिता सकेंगे और यह बहुत सुंदर शांत जगह होगी, इस तरह से इसे विकसित करें। डीएफओ ने बताया कि एक एकड़ में लगभग 250 पौधों का रोपण होगा। इसमें बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे पौधों का रोपण होगा। कृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर इनका रोपण आरंभ हो जाएगा। कलेक्टर ने स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि शासन की यह बहुत महत्वपूर्ण पहल है और हमें खुशी है कि हमारी कालोनी को इसके लिए चुना गया है। सर्वोदय विहार के निवासियों ने कहा कि कृष्ण कुंज नाम से ही बहुत आध्यात्मिक और धार्मिक अनुभव हो रहा है। इसके विकास के बाद यह सुंदर जगह बन जाएगी और यहां आकर मन को सुकून का अनुभव भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह कृष्ण कुंज इसलिए भी अहम है क्योंकि पहली बार हमारी संस्कृति में चिन्हांकित पौधों को एक साथ रोपण किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि बरगद, पीपल जैसे पेड़ आक्सीजन भी बहुत ज्यादा देते हैं और बहुत दीर्घजीवी होते हैं। कृष्ण वाटिका के पौधे जब बड़े हो जाएंगे तो बहुत हरियाली भरा और बेहद सुंदर स्थल बन जाएगा। सिकोला में हाइटेक नर्सरी तैयार हो गई है। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे। हाइटेक नर्सरी का अवलोकन आज कलेक्टर डॉ. भुरे ने किया। डीएफओ ने बताया कि यहां फलदार पौधे तैयार किये जाएंगे। इसके लिए पाली हाउस बनाया गया है। यह बेहद हाइटेक तकनीक से बनाया गया है।मुख्यमंत्री ने सिकोला में मातृछाया पथ में कृष्णकली का पौधा रोपित किया था। अब वो पौधा काफी बड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री अपने भ्रमण के दौरान मातृछाया पथ भी देखेंगे।

# हम सबको तैयार रहना है, क्षेत्र के बस्तियों में अधिकारी निरन्तर दौरा करते रहें, हमारी व्यवस्था बेहतर हो: महापौर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** डाटा सेंटर के सभागार में आगामी मानसून में संभावित प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध मे महापौर धीरज बाकलीवाल एवं प्रभारी आयुक्त आशीष देवांगन ने लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले की मौजूदगी में अधिकारी व कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी है। मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदा को ध्यान में रखते हुए दुर्ग निगम कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 0788-2322148 है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यो की मॉनिटरिंग,व्यवस्था एवं कार्यो के संपादन हेतु सहायक अभियंता एसडी शर्मा दूरभाष 9826128506 नोडल अधिकारी बनाये गए है।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं प्रभारी आयुक्त आशीष देवांगन ने निर्देश दिये है कि शहर के पहुंच विहीन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं होगा, वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य, जीवन रक्षक दवाईयाँ आदि नियमानुसार संग्रहित करेंगे। उन्होंने कहा कि पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए हैण्डपम्प आदि में ब्लीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे, ताकि शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर ली जावे जहां प्रतिवर्ष बाढ़ की संभावना रहती है। जल भराव वाले क्षेत्रों के नालियों की सफाई पर जोर डाले निरन्तर गैंग लगावकर स्लम व शहर क्षेत्र में ऐसे इलाके जहां हर साल जल भराव की स्थिति निर्मित होती है वहां के नाले व नालियों की सफाई कराने व बारिश के पानी को नदी में छोड़ने योजना बनाने कहा गया। महापौर श्री बाकलीवाल ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी लगातार पार्षदों से संपर्क बनाए रखेंगे, अपना फोन 24 घण्टे चालू रखेंगे फोन स्विच ऑफनहीं रखेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि सकरी नाला, नालो के तटीय क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जावे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर शीघ्रता से पहुंचाने व ठहराने एवं खाने पीने की व्यवस्था की जा सके।

### केंद्र के खिलाफ सत्याग्रह करने विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस ने बनाई रणनीति

# अग्निपथ योजना के छलावे से युवाओं के भविष्य व देश की सुरक्षा को खतरा: वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाई गई सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना का राष्ट्रव्यापी विरोध लगातार जारी है। युवाओं के विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन देने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा भी विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन 27 जून को रखा गया है। दुर्ग में प्रभारी बनाए गए वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा ने आज कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ सत्याग्रह की रणनीति पर विचार विमर्श कर उनमें जोश भरा। उन्होंने केंद्र की योजना को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अग्निपथ योजना के बहाने सेना का राजनीतिकरण करना चाहती है। देश मे कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने अपनी दूरदर्शिता , बड़े फैसलों एवं देश वासियों के कड़े परिश्रम से जितनी भी सरकारी संपत्तियां देश को समर्पित की है उसे बेचने के साथ ही अब भाजपा सरकार देश की अस्मिता भी बेचने चली है।

अग्निवीर योजना में चार साल के कॉन्ट्रैक्ट पर सैनिक भर्ती कर ये ना सिर्फ देश के युवाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करना चाहते हैं बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है। एक युवा 17.5 साल की उम्र में अग्निवीर बनेगा और 21.5 साल की उम्र में वापस बेरोजगार हो जाएगा। एक बार पढ़ाई छोड़ देने के बाद दोबारा नियमित कक्षाएं व पढ़ना एक मुश्किल काम होता है। सरकार को युवाओं के भविष्य की नहीं पैसों को बचाने की चिंता है। कांग्रेस नेतृत्व ने हमेशा केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर देशहित में अपनी आवाज उठाई है और आंदोलन किया है। आदरणीय राहुल गांधी जी ने हमेशा गरीबों, किसानों , मजदूरों एवं युवाओं के लिए आवाज बुलंद की है।

उन्होंने आगे कहा कि नोटबन्दी हो, रातों रात लागू की गई जीएसटी हो, कोरोना महामारी का दौर हो या फिर अचानक लगाया गया लॉक डाउन हर बार हमारे नेता राहुल गांधी जी ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी किन्तु इन्होंने सत्ता के घमंड में देश को नुकसान पहुंचाया। अग्निवीरों के भविष्य को लेकर भी माननीय राहुल गांधी जी ने कई सवाल उठाए हैं जिसका सरकार के पास कोई जवाब नहीं है।

अग्निपथ योजना के विरोध में भी कांग्रेस देश के युवकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है । देश की सुरक्षा एवं युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार समस्त पदाधिकारियों को पूरी ऊर्जा से देश के युवाओं के भविष्य के लिए सत्याग्रह करने का संदेश दिया। कांग्रेस भवन में हुई बैठक के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, वरिष्ठ नेता मदन जैन, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, जिला अध्यक्ष गया पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, समस्त एमआईसी, पार्षद गण, एल्डरमैन, युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारीगण मौजूद थे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950